


RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | रविवार, 30 जून 2024 | वर्षः 01, अंकः 106, पृष्ठः 8, मूल्यः 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## टैंक में नदी पार करते समय डूबने से जेसीओ सहित पांच सैन्य जवान बलिदान

एजेंसी

**लेह।** लेह जिले के न्योमा-चुशुल इलाके में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास शनिवार सुबह टी-72 टैंक में नदी पार करते समय डूबने से एक जूनियर कमीशंड अधिकारी समेत पांच सैनिक बलिदान हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना लद्दाख से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास करीब 3 बजे अभ्यास के दौरान हुई। अधिकारियों ने बताया कि नदी पार करते समय अचानक आई बाढ़ के कारण टैंक के साथ एक जेसीओ व चार जवान डूब गए। जिसके तुरंत बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। जिसमें एक जूनियर कमीशंड अधिकारी समेत पांच सैनिकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।



### राजनाथ ने लद्दाख में अभ्यास के दौरान पांच सैनिकों की मौत पर दुख व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान पांच सैनिकों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इन सैनिकों की लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी क्षेत्र में नदी से टैंक को पार कराने के अभ्यास के दौरान हुए हादसे में मौत हो गई। श्री सिंह ने शनिवार को सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में लिखा, लद्दाख में टैंक को नदी के पार ले जाने के अभ्यास के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण घटना में हमारी सेना के पांच बहादुर सैनिकों की मौत से गहरा दुख पहुंचा है। हम राष्ट्र के प्रति अपने बहादुर जवानों की असाधारण सेवा को कभी नहीं भूल पाएंगे। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। संकट की इस घड़ी में समूचा राष्ट्र उनके साथ खड़ा है।



रक्षा सूत्रों के अनुसार यह हादसा नदी में अचानक पानी का स्तर बढ़ जाने के कारण हुआ। सेना ने बताया है कि यह हादसा शुक्रवार की रात उस समय हुआ जब सैन्य अभ्यास के बाद टैंक पर सवार सैनिक श्योक नदी से टैंक को बाहर ले जा रहे थे। अचानक नदी में पानी का का स्तर बढ़ने से ये जवान वहां फंस गए। उन्हें बचाने के लिए बचाव टीमों को तुरंत रवाना किया गया लेकिन पानी का स्तर और बहाव इतना तेज था कि बचाव मिशन सफल नहीं हो सका और जवानों की जान चली गई। सेना ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद : राहुल गांधी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** रायबरेली से सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लद्दाख त्रासदी में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। शनिवार 29 जून को सोशल मीडिया एक्स पर संवेदना व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा,' लद्दाख में टैंक से नदी पार करने के सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है।'

उन्होंने कहा,' सभी शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। दुख की इस घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं, उनका समर्पण, सेवा और बलिदान देश सदा याद रखेगा।'

### लद्दाख त्रासदी में शहीद हुए सेना के जवानों के परिवारों के प्रति कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने व्यक्त की संवेदना



**नई दिल्ली।** लद्दाख त्रासदी में शहीद हुए सेना के जवानों के परिवारों के प्रति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवेदना व्यक्त की है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आज शनिवार 29 जून को सोशल मीडिया एक्स पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा,卐लद्दाख में एक नदी को टी-72 टैंक से पार करते समय एक जेसीओ सहित 5 भारतीय सेना के बहादुरों की जान जाने से बहुत व्यथित हूं। इस दर्दनाक त्रासदी का शिकार हुए सेना के जवानों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना। खरगे ने आगे कहा, दुःख की इस घड़ी में राष्ट्र हमारे बहादुर सैनिकों की अनुकरणीय सेवा को सलाम करने के लिए एक साथ खड़ा है।

### एनईईटी-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने गुजरात में चलाया तलाशी अभियान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) एनईईटी-यूजी पेपर लीक मामले में गुजरात के सात स्थानों पर तलाशी ले रही है। सीबीआई का यह तलाशी अभियान शनिवार 29 जून की सुबह गुजरात के चार जिलों आनंद, खेड़ा, अहमदाबाद और गोधरा में फैले संदिग्धों के परिसरों पर शुरू हुआ। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक यह अभियान दोपहर बाद भी जारी रहा। सीबीआई ने राष्ट्रीय-पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा- स्नातक (एनईईटी-यूजी) के संबंध में झारखंड के हजारीबाग में एक स्कूल के प्रिंसिपल और उप-प्रिंसिपल के साथ एक हिंदी समाचार पत्र के पत्रकार को गिरफ्तार किया था। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक उन्होंने पूछताछ के दौरान बताया कि ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसानुल हक को 5 मई को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए हजारीबाग का सिटी समन्वयक बनाया गया था।

## एनटीए ने एनसीईटी, संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट के लिए की नई तारीखों की घोषणा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट nta.ac.in पर जारी एक सार्वजनिक नोटिस में राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एनसीईटी) 2024, संयुक्त वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) जून 2024 चक्र के लिए नई तारीखों की घोषणा की है। एनटीए के अद्यतन कार्यक्रम के अनुसार, एनसीईटी 2024 परीक्षा अब 10 जुलाई 2024 को आयोजित की जाएगी। इसके बाद संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट 25 जुलाई से 27 जुलाई 2024 तक आयोजित की जाएगी। यूजीसी नेट जून 2024 परीक्षा 21 अगस्त 2024 से 4 सितंबर 2024 के बीच आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा कंप्यूटर आधारित होंगी। यूजीसी नेट, एनसीईटी और संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षाएं, जो मूल रूप से जून के लिए निर्धारित थीं, पेपर लीक और अन्य विसंगतियों के कारण स्थगित कर दी गई थीं। एनटीए ने अब अधिसूचित किया है कि यूजीसी नेट जून 2024, एनसीईटी 2024 और संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट 2024 परीक्षाएं जुलाई से अगस्त के महीनों में आयोजित की जाएंगी। नोटिस में लिखा है,सभी संबंधित उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण एनटीए की कुछ परीक्षाएं स्थगित/रद्द कर दी गई थीं। अब, इन परीक्षाओं की नई तारीखों को दिए गए विवरण के अनुसार अंतिम रूप दिया गया है।




## हीरासर हवाईअड्डे पर यात्री पैसेज की कैनोपी टूटी, बड़ा हादसा टला

एजेंसी

**राजकोट।** राजकोट के हीरासर स्थित ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर शनिवार सुबह यात्रियों के लिए बनी कैनोपी टूट गई। राजकोट में दो दिनों से तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। बताया गया कि इसी वजह से कैनोपी टूट गई। कैनोपी के नीचे किसी यात्री के नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया।

राजकोट हीरासर हवाईअड्डा के निदेशक दिगंत बहोरा ने बताया कि बारिश के कारण कैनोपी पर पानी जमा था, जिसके कारण यह टूट गई। दुर्घटना अस्थाई टर्मिनल के बाहर हुई है। घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार राजकोट में शुक्रवार से तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। शनिवार सुबह भी बारिश का दौर जारी रहा। सुबह 11 बजे से लेकर 11.30 बजे के बीच भी बारिश हो रही थी। दूसरी ओर कैनोपी टूटने को लेकर इसकी गुणवत्ता आदि पर सवाल खड़ा किया जा रहा है।






## खीरी में युवक की फावड़े से काटकर हत्या

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** खीरी थाना क्षेत्र के जोरा गांव शनिवार भोर में घर के बाहर दरवाजे पर सो रहे युवक की फावड़े से मारकर हत्या कर दी गई। चीख पुकार सुनकर परिजनों की नींद खुल गई। घायल युवक को परिजन उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जोरा गांव निवासी रजनीश (30) पुत्र पारस नाथ बिन्द अपने घर के बाहर दरवाजे पर सो रहे था। भोर में करीब चार बजे गांव के ही एक युवक नकुल बिंद ने फावड़े से उसके गर्दन पर वार कर दिया। इससे वह मरणासन्न हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। कुछ देर बाद पुलिस ने उसे गांव के पास से ही धर दबोचा। चीख पुकार सुनकर परिजन उसे लेकर एसआरएन अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है। फिलहाल घर के लोग हत्या के पीछे का कोई कारण नहीं बता पा रहे हैं।

## तालाब में नहा रहे किशोर की डूबने से मौत, कोहराम



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के ग्राम भीखमपुर स्थित मेला बाग मूरतगंज के सामने नाइट क्वीन मैरेज हॉल के पीछे तालाब में 12 वर्षीय छोटू पुत्र धनी लाल साथियों के साथ नहाने गया था नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया लोगो ने छोटू को तालाब से निकाला तो उसकी मौत हो चुकी थी जानकारी मिलने पर मौके पर सैकड़ो ग्रामीण इकठ्ठा हो गए। इसी बीच मृतक किशोर छोटू के परिजन भी मौके पर पहुंच गए शव को देखते ही दहाड़े मारकर रोने लगे। घटना की सूचना पाकर पहुँची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई।

## आगामी त्यौहार पर ड्रोन कैमरे से होगी नगरानी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** आगामी त्योहार मोहर्रम के दृष्टिगत शनिवार को थाना अतरसुइया क्षेत्र के दरियाबाद , मीरापुर रानी मार्ग व करैली पुलिस द्वारा ड्रोन टीम की सहायता से थाना क्षेत्रान्तर्गत संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं संदिग्ध वस्तुओं की ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी/चेकिंग की गयी। निगरानी/चेकिंग किये गये प्रमुख स्थान गौस पावर हाउस चौराहा, नूरुल्लाह रोड, मुस्तफा कंपलेक्स, अकबरपुर चौराहा व बक्शी मोढ़ा मस्जिद हैं। साथ ही त्योहार को शांति पूर्वक सकुशल संपन्न कराने हेतु फुट पेट्रोलिंग एवं चेकिंग की कार्यवाही सतत रूप से की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक अतरसुइया संजय द्विवेदी ने बताया कि आगामी त्यौहार को सकुशल संपन्न करने के लिए ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी।

## धूमनगंज पुलिस ने लुटेरे को किया गिरफ्तार, जेवर व बाइक बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** धूमनगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक चेन लुटेरे को गिरफ्तार कर चैन व मोटरसाइकिल बरामद करते हुए लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया।

थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा लूट का वांछित अभियुक्त पंकज कुमार पुत्र प्रमोद कुमार निवासी उमरपुर नीवा थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को शनिवार को मुखबिर खास की सूचना पर दामूपुर मोड़ के पास थाना क्षेत्र धूमनगंज से गिरफ्तार कर कब्जे से आधी चेन (पीली धातु) व 01 मोटर साइकिल बरामद की गयी ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

उ0नि0 अंकित कुमार,हे0का0 अमित कुमार, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया । यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 126 वाहनों का ई-चालान किया गया ।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 12 अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना मंझनपुर से 02, थाना पश्चिम शरीरा से 04, थाना कोखराज से 01, थाना सैनी से 04, थाना कड़ाधाम से 01 ) कुल 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया ।

## बार संघ ने एसडीएम को समस्याओं के निराकरण हेतु सौंपा ज्ञापन

**कोंच(जालौन)। वकीलों** को वादकारियों के काम कराने में आ रही दिक्कतों के निराकरण हेतु बार संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा। बार संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद निरंजन के नेतृत्व में वकीलों का एक प्रतिनिधि मंडल एसडीएम ज्योति सिंह से मिला।

इस मौके पर बार संघ की ओर से एक ज्ञापन भी एसडीएम को सौंपा गया जिसमें कहा गया कि रियल टाइम खतौनी बनते समय हो रही गलतियों को ठीक कराने के लिए एक समय सीमा निर्धारित की जाए जिससे किसान अपनी खतौनी को दुरुस्त करा सकें तहसील के कम्प्यूटर सेक्शन में कुर्रा परवाना के अनुसार राजस्व खतौनी में क्रम बार व तिथि बार ही निर्धारित समय सीमा तय की जाए। राजस्व खतौनी निर्धारित शुल्क पर ही काश्तकार एवं वादकारियों को दी जाए ।

# डीजे , डीएम, एसपी ने जिला कारागार व बालिका संरक्षण गृह का किया औचक निरीक्षण





**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** जिला न्यायाधीश बाराबंकी दिनेश चन्द्र, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रुप से पुलिस बल के साथ जिला कारागार बाराबंकी व बालिका संरक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कैदियों/संवासिनियों की पेशी हेतु बने वीडियों कान्फ्रेसिंग रुम का निरीक्षण किया गया तथा कैम्पस में लगे सीसीटीवी फुटेज की क्रास चेकिंग की गई। कैदियों/संवासिनियों के मुलाकातियों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश के उपरान्त जिला कारागार मे निरुद्ध टॉप-10 अपराधियों के मुलाकात से सम्बन्धी अभिलेखों को चेक किया गया। तत्पश्चात कन्ट्रोल रुम, बैरकों, मेस, जेल परिसर अस्पताल आदि का भी निरीक्षण किया गया। तदोपरांत कैदियों/संवासिनियों की समस्याओं/सुविधाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित से जानकारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# पुलिस ने पति पत्नी का समझौता कराकर कराई विदाई



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** परिवार परामर्श केंद्र में पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आधार पर परिवार परामर्श केंद्र में हेड कांस्टेबल राम बहादुर पाल व महिला हेड कांस्टेबल पूनम महिला कांस्टेबल कमला यादव व महिला कांस्टेबल नीतू व शनिवार को उपस्थित काउंसलर अनिशून्निशा ,निधि त्रिपाठी व सुरेशचंद्र जयसवाल के माध्यम से काउंसलिंग के दौरान 01 फाइलों में पति-पत्नी व उनके परिजनों की सहमति से सुलह समझौता किया गया । दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को उनके जीवन की पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया गया। दोनों पति-पत्नी द्वारा बताया गया कि अब हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। अब हम दोनों अपनी खुद की सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं । परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पति-पत्नी को सुलह समझौता कराया गया । दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया, कि अब हम दोनों एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे ।

# हरियाली के लिए 2453 दिनों से कर रहा पौधरोपण : अशोक

### *बच्चों को बताया वनों का महत्व, किया पौधरोपण*



**सबसे तेज प्रयागराज**

**भदोही।** बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे दो दिवसीय समर कैंप के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय सारीपुर विकास खंड ज्ञानपुर भदोही में राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता ने बच्चों के साथ बेल के वृक्ष का पौधरोपण आज किया । उन्होंने बच्चों को बताया कि मैं धरती को हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए विगत 2453 दिनों से अनवरत वृक्षारोपण कर रहा हूं क्योंकि वनों पर ही जल और जीवन निर्भर है। अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि बढ़ती आबादी के कारण मनुष्य की आवश्यकताएं भी बढ़ती जा रही हैं। वृक्ष से वन है और वनों से ही मनुष्य का अस्तित्व। आए दिन पर्यावरण प्रदूषण का खतरा गंभीर होता जा रहा है। लोग तमाम तरह की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। मनुष्य के स्वस्थ रहने में वृक्षों की अहम भूमिका है। वनों के कटान के रोकथाम के लिए हम सबको मिलकर के एक सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है क्योंकि वनों पर ही जल और जीवन दोनों निर्भर है।

वृक्षारोपण के पश्चात उपस्थित बच्चे और शिक्षकों को वर्षा ऋतु में दो- दो वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें शपथ दिलाया गया कि हम न केवल वृक्षारोपण करेंगे अपितु उसकी सुरक्षा भी करेंगे। इस अवसर पर सुभाष चंद्र सिंह ,अशोक कुमार गुप्ता, मनोज कुमार यादव, मनोरमा शर्मा, अनीता श्रीवास्तव, छाया कनौजिया, श्रेया सिंह ,खुशबू विश्वकर्मा , अर्जुन, यश श्रीवास्तव, पूनम आदि उपस्थित रहकर के सहयोग प्रदान किया।

# यूपी में शिव सेना के संगठन का होगा विस्तार : अरविन्द

### डा श्रीकांत शिंदे के तीसरी बार सांसद बनने पर किया गया अभिनंदन । प्रदेश सचिव रूचि तिवारी ने महाकुंभ में सीएम एकनाथ शिंदे को आने के लिए किया आमंत्रित



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उप्र शिवसेना की प्रदेश कार्यकारिणी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय राज्य मंत्री आयुष स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रकाश राव जाधव से स्नेहिल भेंट कर उन्हे तीसरी बार जीत की बधाई देकर उनके साथ संगठनात्मक बैठक की। इस दौरान उप्र संगठन की तरफ से उप्र आगमन के लिए भी आमंत्रित भी किया गया ।

शिवसेना की युवा सेना के राष्ट्रीय प्रमुख, युवाओ की शान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सुपुत्र डा श्रीकांत शिंदे को तीसरी बार सांसद बनने पर स्वागत और अभिनंदन किया गया। सांसद डा श्रीकांत शिंदे ने संगठन के विस्तार संबंधी आगामी तैयारियो पर गंभीरतापूर्वक मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देश भी दिये ।

शिव सेना के प्रदेश संगठन मंत्री अरविन्द जी ने बताया कि उप्र संगठन को प्रदेश के साथ - साथ मेरठ प्रांत, बृज प्रांत, कानपुर बुन्देलखण्ड प्रांत, अवध प्रांत, गोरखपुर प्रांत और काशी प्रांत का भी गठन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी प्रांतो के अन्तर्गत आने वाले मंडल और जिलो की कार्यकारिणी का गठन दिसंबर 2024 तक कर लिया जायेगा ।

शिव सेना की उप्र प्रदेश सचिव श्रीमती रुचि अभिषेक तिवारी ने आगामी प्रयागराज महाकुंभ पर शिवसेना के शिविर के लिए प्रस्ताव रखा गया , जिस पर सभी ने सहमति भी दी ।प्रदेश संगठन की तरफ से प्रदेश प्रमुख अभय , संगठन मंत्री अरविन्द , प्रदेश महासचिव लल्लन , सहसंगठन मंत्री प्रमोद , प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी एवं अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी साथ रहे। इस दौरान तय किया गया कि 2024 तक उप्र के सभी जिलो और तहसील में संगठन विस्तार का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश संगठन द्वारा यह आश्वासन भी दिया गया कि आगामी चुनावो में अब शिव सेना मजबूती से चुनाव लडेगी। बैठक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को महाकुंभ प्रयागराज के शुभारंभ के लिए भी प्रदेश संगठन द्वारा आमंत्रित किया गया है, जिसमें देश भर के सभी 13 अखाड़ों के संत, महात्माओं द्वारा शिवसेना के मेला शिविर की स्थापना, पूजा आदि कराने की रूपरेखा तय हुई, ताकि सुदूर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रो एवं दूर - दूर से अन्य प्रदेश से आने वाले श्रद्धालु रुक सकेंगे।

सनातन धर्म की रक्षा के लिए सबसे आगे खडी रहने वाली शिवसेना अब पार्टी संस्थापक बाला साहब की अपनी हिन्दुत्ववादी नीतियों के साथ देशभर में संगठन का विस्तार कर रही है ताकि राष्ट्रीय दल के तौर पर अब पहचान बन सकें, वर्तमान में एनडीए के तीसरे बडे घटक दल और भाजपा के साथ महाराष्ट्र सरकार का नेतृत्व शिवसेना के मुखिया एकनाथ शिंदे कर रहे है, उन्ही के नेतृत्व में भाजपा अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव पूरी तैयारी से लडेगी ।

# 35 लाख की सम्पत्ति गैंगेस्टर एक्ट के तहत की गयी जब्त




**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन चलाये जा रहे अभियान के तहत गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत की जा रही कार्यवाही के क्रम में शुक्रवार को थाना तमकुहीराज पुलिस द्वारा गैंगेस्टर अधिनियम के अपराधी द्वारा अवैधानिक कृत्यों से अर्जित सम्पत्ति से खरीदी गयी एक अदद डीसीएम वाहन संख्या वङ 18 उअ 7015 को थाना तमकुहीराज गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त/वाहन स्वामी राकेश कुमार पुत्र कप्तान सिंह निवासी रामजीवनपुर थाना बाजपुर जिला उधमसिंह नगर उतराखण्ड के विरुद्ध धारा 14(1) उत्तर प्रदेश समाज विरोधी गिरोह बन्द में प्रभावी पैरवी कर उक्त वाहन को धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत जब्त किया गया।

## इनामिया वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना तरया सुजान पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित मुकदमे में 15,000/- के इनामिया वांछित अभियुक्त हरिहर यादव पुत्र स्व0 सरजू यादव सा0 बेलवा जंगल चौरईया पोखरा थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया।

## नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर असंद्रा पुलिस थाना क्षेत्र के एक नाबालिक किशोरी के साथ छेड़खानी दुष्कर्म के मामले में वांछित तीन आरोपी को शनिवार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना असन्द्रा पुलिस टीम द्वारा एससी/एसटी एक्ट व दुष्कर्म में वांछित अभियुक्तगण जावेद पुत्र साबिर . आशिफ पुत्र नूरैन . आदिल पुत्र नूरैन निवासीगण कटरा मजरे कस्बा व थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को बेलाव मोड़ के पास से गिरफ्तार किया।

## विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एंव दस्तक अभियान के सफल संचालन के लिए द्वितीय जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एंव दस्तक अभियान के सफल संचालन के लिए द्वितीय जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक की गई।

सीडीओ ने विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एंव दस्तक अभियान के सफल संचालन के लिए अब तक की गई तैयारियों/कार्यवाहियों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान शासन की महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं तथा मा0 मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। जिला पंचायतराज अधिकारी को झाड़ियां की कटाई एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों की सफाई कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों से कहा कि नगरीय क्षेत्रों के जिन वार्डों के नालियों की साफ-सफाई अभी तक नहीं हुई है, उनकी साफ-सफाई करा लिया जाय। वर्षा के दृष्टिगत कहीं भी जल-जमाव न होने पाये, जल-जमाव होने से अनेक बीमारियॉ फैलती हैं। उन्हांने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि आशा एवं ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ बैठक एवं कार्यशाला आयोजित कर विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान से सम्बन्धित विधिवत जानकारी प्रदान किया जाय, जिससे वे अपने कार्यों को सफलतापूर्वक सम्पादित कर सकें। उन्होंने कहा कि वर्षा के समय सर्प काटने की घटनायें अधिक आती हैं, इस सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया जाय कि सर्प काटने पर झॉड़-फूॅक न कराकर पीड़ित व्यक्ति को अपने नजदीकी अस्पताल में शीघ्र ही लेकर जायें। उन्होंने कहा कि सभी सीएचसी/पीएचसी में एन्टी स्नेक वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाय। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों एवं जिला पंचायतराज अधिकारी को साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के साथ ही एण्टीलार्वा का छिड़काव एवं फागिंग कराने के भी निर्देश दियें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## प्रोफेसर पी पी दुबे मुक्त विश्वविद्यालय से हुए सेवानिवृत्त



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कृषि विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर पी पी दुबे शनिवार को सेवानिवृत्त हो गये। इस अवसर पर आयोजित अभिनंदन समारोह में कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि विश्वविद्यालय के हर सदस्य को प्रोफेसर दुबे के आदर्श गुणों को आत्मसात करना चाहिए। प्रोफेसर दुबे ने विश्वविद्यालय को कृषि शिक्षा के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ाया। विश्वविद्यालय को हरित परिसर बनाने में उनका योगदान उल्लेखनीय है। इस अवसर पर प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता, प्रोफेसर एस कुमार, प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी, प्रोफेसर पी के स्टालिन, प्रोफेसर पी के पांडेय आदि ने प्रोफेसर दुबे के कार्यों की सराहना करते हुए उनके साथ व्यतीत किए समय को साझा किया। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने प्रोफेसर दुबे को स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर दुबे के परिजन भी उपस्थित रहे।

# यूटरीन कैंसर का खतरा बढ़ाती है Diabetes, ICMR की ताजा स्टडी में हुआ चौंकाने वाला खुलासा



Diabetes एक ऐसी बीमारी है जो दुनियाभर में चिंता का विषय बनी हुई है। खुद में भारत के इसके मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। ऐसे में इसे लेकर सावधानी बरतना जरूरी है। इसी बीच हाल ही में ICMR) की तरफ से एक स्टडी जारी की गई है जिसमें पता चला कि डायबिटीज से गर्भाशय कैंसर (uterine cancer) का खतरा बढ़ सकता है।

डायबिटीज (Diabetes) इन दिनों दुनियाभर में परेशानी की वजह बना हुआ है। पूरी दुनिया के तेजी से इसके मामले बढ़ते जा रहे हैं, जो अब एक चिंता का विषय बन चुका है। हर साल लाखों लोग इस बीमारी की चपेट में आते हैं। यह एक लाइलाज बीमारी है, जिसे दवाओं और लाइफस्टाइल में कुछ बदलावों की मदद से कंट्रोल किया जाता है। आमतौर पर डायबिटीज की वजह से हार्ट डिजीज, किडनी डिजीज और नर्वस डैमेज जैसी जटिलताएं होती हैं, लेकिन अब हाल ही में इसे लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है

हाल ही में इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च (ICMR) की तरफ से एक स्टडी जारी की गई है, जिसमें डायबिटीज और गर्भाशय कैंसर (uterine cancer) के बीच संबंध सामने आया है। आइए जानते हैं इस नए अध्ययन के बारे में विस्तार से-

**डायबिटीज और यूटरीन कैंसर का संबंध**

हालिया स्टडी में डायबिटीज के कारण होने वाले हार्मोनल असंतुलन को कैंसर का जिम्मेदार ठहराया गया है। अध्ययन में पता चला कि शरीर में इंसुलिन के हाई लेवल से एस्ट्रोजन प्रोडक्शन बढ़ जाता है, जो गर्भाशय में सेल्स में बढ़ोतरी और डिवीजन को बढ़ावा दे सकता है, जिससे कैंसर का खतरा बढ़ सकता है।

इसके अलावा टाइप 2 डायबिटीज वाले व्यक्तियों में इंसुलिन रेजिस्टेंस के कारण ज्यादा वजन या मोटापे की संभावना ज्यादा होती है। ऐसे में शरीर की अतिरिक्त चर्बी ज्यादा एस्ट्रोजन प्रोडक्शन कर सकती है, जिससे यूटरीन कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है। इतना ही नहीं डायबिटीज की वजह से शरीर में पुरानी सूजन भी हो सकती है, जो कैंसर सेल्स के विकास और ग्रोथ में योगदान कर सकती है।

**ऐसे करें यूटरीन कैंसर से बचाव**

यूटरीन कैंसर से बचाव के लिए जरूरी है कि डायबिटीज पीड़ित लोग अपना ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रखें।

जैसाकि अध्ययन में सामने आया कि मोटापा और डायबिटीज यूटरीन कैंसर के प्रमुख कारक है, इसलिए हेल्दी डाइट और फिजिकल एक्टिविटी की मदद से अपना वेट मेंटेन रखें।

स्मोकिंग भी गर्भाशय कैंसर के लिए एक जोखिम कारक होता है। ऐसे में अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं और धूम्रपान करते हैं, तो इस कैंसर का खतरा दोगुना हो जाता है। अगर आप डायबिटीज है और आप स्मोकिंग करते हैं, तो कैंसर का खतरा कम करने के लिए धूम्रपान छोड़ना जरूरी है।

समय रहते गर्भाशय कैंसर का पता लगाना और इसके सही इलाज के लिए नियमित जांच करवा रहते हैं। खासकर अगर आप डायबिटीज की मरीज हैं, तो पैल्विक टेस्ट और पैप टेस्ट जरूर करवाएं।

गर्भाशय कैंसर की रोकथाम के लिए इसकी शुरुआती लक्षणों की पहचान जरूरी है। इसके कुछ सामान्य लक्षणों में वेजाइनल ब्लीडिंग, पेल्विक पेन या दबाव और सेक्स के दौरान दर्द आदि शामिल हैं।

# पुराना रवैया वापस होने के खतरे



यह चुनाव भाजपा की सीटें कम होने या विपक्ष की सीटें बढ़ना और संसद में काफी समय बाद विपक्ष के ताकतवर बनने(जिसको लेकर बात-बात में टकराव और कामकाज बाधित होने की आशंका प्रबल हुई है) भर का नतीजा या जनादेश लेकर नहीं आया है। यह सत्ता, साधन और दिन-रात के प्रबंधन, जिसमें मीडिया से लेकर हर बारीक चीज का ध्यान रखा गया था।आम तौर पर सत्ता पक्ष और कई बार विपक्ष के लिए भी चुनावी जनादेश लड्डु या झाड़ू की तरह का होता है लेकिन सामान्य रूप से मतदाता बहुत बारीक निर्णय देता है। लोकतंत्र असल में बारीकी का ही खेल है और साम्यवाद की तरह लट्ठमार समानता, तानाशाही या बादशाहत की जगह यह दुनिया भर में सफल होता गया है तो उसकी यह बारीकी ही असली चीज है। और इसे 365 दिन और चौबीस घंटे राजनीति करने वाले राजनेता न समझ सके तो यह स्थिति चिंता की है। अठारहवीं लोकसभा के लिए हुए हाल के चुनाव से आए जनादेश के मामले में ऐसा ही लगता है। चुनाव नतीजे आने और भाजपा को उसके दावे या उम्मीद से काफी नीचे तथा विपक्ष को कई राज्यों में उम्मीद से ज्यादा मिली सफलता के तत्काल बाद तो पक्ष और विपक्ष, दोनों के हाव-भाव से यह लग रहा था कि दोनों ने मतदाताओं के संदेश को ठीक से ग्रहण किया है। प्रधानमंत्री और भाजपा को अचानक एनडीए प्रिय हो गया, वे कई बार नजर चुराते भी लगे तो उनके दरबार के सबसे ताकतवर बताए जाने वाले अमित शाह को %छुपाना% शुरू कर दिया गया। मोदी जी अपने फ़ोटो के फ्रेम में नीतीश और चंद्रबाबू ही नहीं प्रफुल्ल पटेल और ललन सिंह जैसों को भी आने दे रहे थे। विपक्ष तो न जीतकर भी जीतने से ज्यादा उछल रहा था। विपक्षी उत्साह बरकरार है लेकिन मोदी जी के रंग-ढंग पुराने लगने लगे हैं। मंत्रिमंडल के गठन से लेकर विभागों के बंटवारे या मोहन भागवत और इंद्रेश कुमार जैसों की बात का जबाब ही नहीं नीट घोटाले में मुंह न खोलने से भी यह रंग दिखने लगा था।

लेकिन नई लोक सभा के पहले दिन उन्होंने जिस तरह विपक्ष पर हमला किया, उसके संविधान प्रेम को नाटक बताया और पचास साल पहले लगे आपातकाल के मुद्दे से कांग्रेस को घेरने का प्रयास किया वह साफ संकेत था कि वे जनादेश को बहुत साफ ढंग से अपने हक में मानते हैं, अपनी जीत को ऐतिहासिक और अपूर्व मानते है। अपने सांसदों की संख्या घटना, सहयोगी दलों पर निर्भरता और विपक्ष की बढ़ी ताकत से उनके मन पर कोई असर नहीं पड़ा है। वे अपने रंग से सरकार और राजनीति चलाने के मूड में हैं और हाल-फिलहाल वे नई स्थितियों अर्थात चुनाव से निकले जनादेश की कम से कम परवाह करने वाले हैं। विपक्ष की ताकत बढ़ी भले हो लेकिन अभी भी उसकी एकता ही नहीं कार्यक्रम और नजरिए का असमंजस प्रधानमंत्री को ताकत दे रहा है। और जो व्यवहार उन्होंने नतीजे आने के बीस दिन में ही दिखाने शुरू किए हैं उससे लगता है कि उनकी तरफ से पिछला रवैया ही जारी रहेगा-अर्थात चौबीसों घंटे चुनावी चिंतन और तैयारी, हर काम का उद्देश्य चुनाव जीतना और इसमें विपक्ष को हड़पने और निगलने की जरूरत लगे तो उससे भी परहेज नहीं।

यह चुनाव भाजपा की सीटें कम होने या विपक्ष की सीटें बढ़ना और संसद में काफी समय बाद विपक्ष के ताकतवर बनने(जिसको लेकर बात-बात में टकराव और कामकाज बाधित होने की आशंका प्रबल हुई है) भर का नतीजा या जनादेश लेकर नहीं आया है।

यह सत्ता, साधन और दिन-रात के प्रबंधन, जिसमें मीडिया से लेकर हर बारीक चीज का ध्यान रखा गया था, के खिलाफ आम आदमी की नाराजगी की अभिव्यक्ति का था। मोदी की सत्ता और अमित शाह के प्रबंधन से कांग्रेस या सपा नहीं लड़ी, लोगों का गुस्सा चैनलाइज्ड होकर उनके पक्ष में गया। हल्का संगठित विरोध सिर्फ तमिलनाडु और बंगाल जैसे राज्यों में दिखा। यह प्रबंधन, साधन और सत्ता के सहारे चुनाव जीतने के भ्रम का टूटना भी था। और यह कहने में हर्ज नहीं है कि अगर भाजपा की तरफ से एक-एक सीट के लिए इतनी चौकसी न रहती, इतना साधन न लगता और सत्ता का इतना खुला दुरुपयोग न होता तो उसे कम से कम पचास और सीटें कम मिलतीं। साधन भी एलेक्ट्रोरल बांड जैसे उपायों से किस तरह जुटाए गए और ईडी-सीबीआई वगैरह के दुरुपयोग हो रहा है यह देश ने बहुत साफ देखा। इन कदमों ने भले तत्काल मदद कर दी हो लेकिन लोगों का गुस्सा इनकी वजह से भी बढ़ा।

अकेले प्रधानमंत्री का रुख भले पुराने गियर में वापस आ गया हों लेकिन मुल्क, राजनीति और प्रतिपक्ष का रुख तो बदल चुका है। लोग महंगाई और बेरोजगारी पर जवाब चाहते हैं और आप मौजूदा नीतियों से बंधे हैं जिनसे इनका उपाय संभव नहीं है। आपने साफ-साफ सांप्रदायिक प्रचार करके भी नतीजा देख लिया और मुल्क जाति के विमर्श को आगे बढ़ा रहा है। आपको लगता है कि मंत्रिमंडल के गठन में कुछ पिछड़ों को लेने जैसी कर्मकांडी नियुक्तियों से बात बन जाएगी। आपको कांग्रेस मुक्त भारत के तहत विपक्ष की राज्य सरकारें गिरवाने का शौक रहा है (उनके अपने विरोधाभास भी रहे हैं) लेकिन अब आपको अपने और सहयोगी दलों की राज्य सरकारों से भी बेहतर ढंग से डील करना होगा। आप आंध्र, बिहार और ओडिशा को पैकेज दें न दें लेकिन ज्यादा साधन देने होंगे। मुसलमानों और औरतों के प्रतिनिधित्व का सवाल भी आपको सुलझाना ही होगा क्योंकि संसद में जैसी विपक्षी महिला सांसद आ गई हैं या मुसलमानों ने जिस तरह नतीजों में असर डाला उनको आप आसानी से नजरअंदाज नहीं कर सकते। फिर महाराष्ट्र हो या हरियाणा, झारखंड हो या दिल्ली अभी जिन राज्यों के चुनाव आने वाले हैं वहां आपकी स्थिति इस चुनाव में दयनीय ही रही है।इन सबके ऊपर आपको भाजपा और संघ परिवार को भी संभालने में ज्यादा परेशानी आनी है क्योंकि जनादेश सामने आते ही सिर्फ एनडीए के सहयोगी दल ही नहीं, अपने अंदर से भी ऐसी आवाजें सामने आने लगी हैं जिन्हें आप जेपी नड्डा जैसों से बयान दिलवाकर नहीं निपटा सकते। अब तो विद्यार्थी परिषद खुलेआम धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा मांगने से लेकर देश भर में नीट कांड पर आंदोलन चला रहा है। मोहन भागवत और इंद्रेश कुमार ने सीधे-सीधे मोदी जी पर ही तीर बरसाए। प्रधानमंत्री के चुनाव की औपचारिकता एनडीए सांसदों की बैठक में पूरी की गई भाजपा संसदीय दल की बैठक ही नहीं हुई। ऐसा संभवत~ वहां से विरोध का स्वर उठने की आशंका के चलते किया गया। महाराष्ट्र समेत की राज्यों में घमासान मचा है लेकिन पार्टी का एक धड़ा योगीजी को निपटाने में लगा है। चुनाव की कर्मकांडी समीक्षा हो तब भी टिकट बांटने से लेकर मुद्दे और शैली की चर्चा तो होगी और आप इन सबके लिए किसको दोषी बता पाएंगे। यह सब इसी बात का संकेत करते हैं कि आप भले ही जनादेश को ठीक से न समझें या समझकर दरकिनार करें पर विपक्ष, सहयोगी दल, संघ जैसा समर्पित सहयोगी और भाजपा के सारे लोग भी जनादेश से प्रभावित न हों और पुराना आचरण जारी रखें यह संभव नहीं है।

## संपादकीय

# आपातकाल विरोधी कोरस में राष्ट्पति का स्वर

भारत के संविधान में वैसे तो राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च बतलाया गया है लेकिन जो संसदीय प्रणाली देश ने अपनाई है, उसके अंतर्गत इस पद पर बैठे व्यक्ति की सत्ता कार्यपालिका द्वारा निर्धारित होती है। स्वविवेक से राष्ट्रपति कुछ भी नहीं कर सकता, कह भी नहीं सकता। राष्ट्रपति के मन्तव्य दरअसल उसकी सरकार की मंशा होती है। कार्यपालिका प्रमुख यानी प्रधानमंत्री ही उसके हर कहे या लिखे गये शब्द को निर्धारित करता है जिसका सम्बन्ध प्रशासन से होता है। वर्ष भर में कम से कम दो मौके ऐसे होते हैं जब राष्ट्रपति के भाषणों का पूरा देश उत्सुकता से इंतज़ार करता है, पहला होता है 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश को दिया जाने वाला संदेश और बजट सत्र की शुरुआत में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में उनका अभिभाषण। नयी लोकसभा के प्रथम सत्र के अवसर पर भी राष्ट्रपति के इस वक्तव्य का राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय दोनों ही परिप्रेक्ष्य में बहुत महत्व होता है।यह जानने के बावजूद कि यह सरकार की ओर से तैयार कर राष्ट्रपति के जरिये इन दो मंचों से जनता को दिया गया संदेश होता है, उसकी अहमियत बनी रहती है और उसे केवल इस आधार पर खारिज नहीं किया जाता कि उसमें राष्ट्रपति का व्यक्तिगत कुछ भी नहीं है। दोनों ही भाषणों की देश के साथ दुनिया भर में मीमांसा होती है क्योंकि इसके माध्यम से सरकार की केवल उपलब्धियां नहीं दर्शाई जातीं बल्कि उसके नज़रिये और भावी कार्यक्रमों की भी मीमांसा होती है।ऐसे में बहुत आवश्यक होता है कि जब भी सरकार राष्ट्रपति के हाथों में पढ़ने के लिये कुछ पकड़ाये तो उसे देखना चाहिये कि वह सत्ताधारी पार्टी के हितों से ऊपर उठकर बात करे। राजनीतिक एजेंडा संसद के दोनों सदनों व चुनावी रैलियों में तथा सार्वजनिक मंचों पर तो चलाया जाता है परन्तु अभिभाषण किसी व्यक्ति या दल के राग-द्वेष तथा हितों से प्रभावित होकर नहीं लिखे व पढ़े जाने चाहिये। भारत की संसदीय परम्परा में ज्यादातर राष्ट्रपतियों ने वास्तविकता में रबर स्टांप की हैसियत होने के बावजूद अपने वजूद व पद की गरिमा हमेशा बनाये रखी थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू जैसी महान शख्सियत के साथ काम करने के बावजूद डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने इस पद की ताकत व गौरव को उस पीएम के बराबर ला खड़ा किया था जिसे नेहरू सम्हाल रहे थे। बहुत कम पढ़े-लिखे होने के बाद भी ज्ञानी जैल सिंह ने इंदिरा गांधी की असामयिक मृत्यु के बाद राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बनाकर देश को राजनीतिक व संवैधानिक संकट से बाहर निकाला था, वह भी सभी ने देखा था। इंदिरा की हत्या के कारण भड़के दंगों के दौरान दिल्ली में सिखों के हुए नरसंहार को अपने समुदाय से न जोड़कर वे पद की गरिमा को नयी ऊंचाई तक ले गये। इतना ही नहीं, जब राजीव गांधी सरकार के एक मंत्री केके तिवारी ने %राष्ट्रपति भवन को खालिस्तानी आतंकवादियों का अड्डा% बतलाया तो उन्हीं जैल सिंह ने राजीव गांधी को पत्र लिखकर तिवारी को हटवाया था। एपीजे अब्दुल कलाम और प्रणव मुखर्जी ऐसे राष्ट्रपति हुए जिनके कार्यकाल के दौरान दो विपरीत विचारधाराओं वाले दलों के नेतृत्व में सत्ता परिवर्तन हुआ परन्तु दोनों ने ही उसे बेहद सहज ढंग से लेकर संविधान की सत्ता को बरकरार रखा।जिस तरह से मोदी के कार्यकाल में तमाम संवैधानिक संस्थाओं का अवमूल्यन हुआ है, उनमें राष्ट्रपति पद भी है। वैसे भी यह पद वास्तविक अधिकारों वाला नहीं है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उस पर हर बार ऐसे व्यक्ति को बैठाया है जो पहले से कमजोर हो। पहले जिन रामनाथ कोविंद को बिठाया गया वे भी हमेशा मोदी से दबकर रहे। अब द्रौपदी मुर्मू हैं जो इतनी शक्तिहीन हैं कि उनके खड़े रहते मोदी के बैठे रहने की तस्वीरें तक आई हैं। अयोध्या स्थित रामलला मंदिर का जब शिलान्यास हुआ तो श्री कोविंद को नहीं बुलाया गया और जब उसका प्राणप्रतिष्ठा समारोह हुआ तब सुश्री मुर्मू को आमंत्रित नहीं किया गया। वैसे देखें तो खुद को कमजोर बनाने में इन दोनों का अपना योगदान भी कुछ कम नहीं है। श्री कोविंद ने जहां अपने सेवानिवृत्त होने के बाद भारत सरकार द्वारा %एक देश एक चुनाव% पर बनी कमिटी का अध्यक्ष बनना स्वीकार किया, वहीं सुश्री मुर्मू ने मोदी को प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें दही-शक्कर खिलाई थी। दोनों ने बता दिया था कि वे चाहे जिस पद पर हों, पार्टी कार्यकर्ता बने रहेंगे।18वीं लोकसभा के पहले सत्र के प्रारम्भ होने के पहले मीडिया के सामने अपने उद्बोधन में मोदी ने कोई सकारात्मक शुरुआत करने की बजाये 50 वर्ष पहले लोगों द्वारा भुला दी गई इमरजेंसी की याद कराई। उसी विषय को आगे बढ़ाते हुए दोबारा लोकसभा अध्यक्ष बने ओम बिरला ने इस पर एक प्रस्ताव लाकर बतला दिया कि जिस काम के लिये उन्हें यह सीट पुन~ मिली है, उसका निर्वाह वे करते रहेंगे- वह है भाजपा का एजेंडा चलाना। इसी सहगान में अपना स्वर मिलाती हुई राष्ट्रपति मुर्मू भी गुरुवार को नज़र आईं जब उन्होंने अपने अभिभाषण में आधी सदी पहले ढाई साल के अल्पकाल के लिये खुलकर बंद हो गये आपातकाल के अध्याय को फिर से खोला। उन्होंने भारत के कथित रूप से लोकतंत्र की जननी वाले मोदी के जुमले को दोहराया जबकि वे जिस समाज (आदिवासी) से आती हैं .ह्व

# ओम बिरला के अध्यक्ष बनने से शुरुआत सही दिशा में

ओम बिरला को दूसरी बार ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुना गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक लेकर पहुंचे। ध्वनिमत पर विपक्ष ने डिविजन की मांग नहीं की। ओम बिरला के नाम पर विपक्ष का विरोध न करना मोदी सरकार के लिए भी किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। उम्मीद यही की जा रही थी कि विपक्ष वोटिंग की मांग करेगा और फिर पूरी प्रक्रिया के तहत मतदान होगा। ओम बिरला को नये लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की खूबसूरती की छटा बिखेर रही थी, वहीं ऐसी संभावनाओं को बल दिया कि अठाहरवीं लोकसभा के सभी सत्र एक नया इतिहास का सृजन करते हुए उम्मीदभरे होंगे। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनकर इतिहास रच दिया है। वे लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले तीसरे शख्स हैं। उनसे पहले बलराम जाखड़ 9 सालों तक स्पीकर रहे थे। ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है।स्वतंत्र भारत में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। वर्ष 1952 में कांग्रेस सदस्य जी. वी. मावलंकर को लोकसभा स्पीकर के रूप में चुना गया था। लोकसभा अध्यक्ष पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिस वजह से चुनाव की नौबत आ गई। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन था। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गई थी। इंडिया गठबंधन की पूर्व रात्री को हुई बैठक में ही नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के पास संख्या बल नहीं है। इसलिये बिना मतदान के ही ध्वनिमत से बिरला के अध्यक्ष चुने जाने की कार्रवाई को निर्बाध होने दिया एवं संसदीय पटल पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। अमृतकाल के इस



महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है, हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी बधाई देते हुए संविधान रक्षा की बात दोहरायी। सदन में तीसरे सबसे बड़े दल के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि जिस पद पर आप बैठे हैं, इससे बहुत गौरवाशाली परंपरा जुड़ी है। इसलिए सबकुछ बिना भेदभाव आगे बढ़ेगा। निष्पक्षता इस महान पद की महान जिम्मेदारी है। आप लोकतंत्र के मुख्य न्यायाधीश की तरह बैठे हैं।' हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है। राष्ट्र के व्यापक हितों की सुरक्षा करती है। भारत का लोकतंत्र न केवल सशक्त है बल्कि अनूठा एवं प्रेरक है, उसका सर्वोच्च मंच लोकसभा है। सत्रहवीं लोकसभा के सत्रों की कार्यवाही बिरला ने नियोजित एवं सुचारू ढंग से संचालित कर एक स्वस्थ परम्परा का सूत्रपात किया था, उनके अनुभव एवं क्षमताएं सदन को नई दृष्टि देने के लिए तत्पर रहे हैं। उनके सदन संचालन की दक्षता एवं कौशल की ताजी हवा के झोंकों का अहसास देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा महसूस करता रहा है। वे लोकसभा को कुशलता से संचालित करने में न केवल खरे उतरे हैं बल्कि नये प्रतिमान स्थापित करते हुए सदन की गरिमा एवं गौरव की अभिवृद्धि की हैं। अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष बनकर निश्चित ही वे सदन की कार्यवाही को अनुशासित भी कर सकेंगे, अनुप्रेरित भी कर सकेंगे और पक्ष-विपक्ष के बीच संतुलन रखते हुए देशहित में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे, ऐसा विश्वास है। निश्चित ही निष्पक्ष होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए सदन की गरिमा को नए स्तर तक ले जाने में वे सक्षम साबित होंगे।

लोकसभा कुछ खम्भों पर टिकी एक सुन्दर ईमारत ही नहीं है, यह एक अरब चालीस करोड़ जनता के दिलों की धड़कन है। उसके एक-एक मिनट का सदुपयोग हो। वहां शोर, नारे और अव्यवहार न हो, अवरोध पैदा नहीं हो। ऐसा होना निर्धनजन और देश के लिए हर दृष्टि से महंगा सिद्ध होता है। यदि हमारे प्रतिनिधि ईमानदारी से नहीं सोचेंगे और आचरण नहीं करेंगे तो इस राष्ट्र की आम जनता सही और गलत, नैतिक और अनैतिक के बीच अन्तर करना ही छोड़ देगी। निश्चित ही संतुलन, निष्पक्षता, शालीनता एवं कौशल के बल पर बिरला नये लोकसभा के सदन की कार्रवाई को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे और नयी उम्मीदों को पंख लगायेंगे। इसमें पक्ष एवं विपक्ष का सहयोग अपेक्षित है तभी लोकसभा की शालीनता एवं सभ्यता नई ऊंचाइयों पर आरोहण करेंगी। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है, यदि वहां मर्यादाहीनता एवं अशालीनता का प्रदर्शन होता है तो समस्याएं सुलझने की बजाय उलझती जाती है। छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं है, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। यह बात चुने हुए प्रतिनिधियों को समझाने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने में बिरलाजी ने पूर्व में जिस तरह की सिद्धहस्तता का परिचय दिया है, वह काबिलेतारीक है। संसद करोड़ों लोगों का प्रतिनिधित्व कर उनकी आवाज बनती हैं। हमारे राष्ट्र की लोकसभा का यही पवित्र दायित्व होता है कि वह उसकी पवित्रता एवं स्वस्थता कायम रखे तथा सभी प्रतिनिधि भगवान् और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं। लोकसभा अध्यक्ष पद पर केवल लम्बे संसदीय अनुभव रखने वाले सांसद का चुनाव जरूरी नहीं होता। देखना यह होता है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति सभी पक्षों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता है अथवा नहीं और वह सभी पक्षों के साथ यथोचित न्याय करने का हौंसला रखता है या नहीं। सदन में जब मूल्य एवं नैतिक मानक कमजोर हो जाते हैं और सिर्फ निजी हैसियत को ऊँचा करना ही महत्त्वपूर्ण हो जाता है तो वह सदन निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है। आजादी के अमृत काल में भी हम अपने आचरण और काबिलीयत को एक स्तर तक ऊंचा उठाये। नेता और नायक किसी कारखाने में पैदा करने की चीज नहीं हैं, उनकी काबिलीयत और चरित्र को गढ़ने का काम भी लोकसभा ही करती है। संविधान की शब्दधाराओं को ही नहीं उसकी भावना को महत्व देने के गुणों का विकास भी यहीं से होता है। बोलने की आजादी का सदुपयोग करना भी यही पर सिखाया जाता है। नये अध्यक्ष लोकसभा को प्रशिक्षण की प्रयोगशाला बनाये। नई लोकसभा अपने भीतर ऐसे परिवेश को जन्म दे, जो स्वयं आगे आकर नवनिर्माण करें, दायित्व की बागडोर थामे और सुधार, स्वस्थता एवं विकास का कार्य शुरू करें। लोकसभा बड़े आदर्शों की अपेक्षा एक छोटा-सा सवाल अपने आपसे करने की कोशिश कर रही है कि नयी लोकसभा की अगवानी में अलविदा किसे कहे? अतीत के उन घटना-प्रसंगों को अलविदा कहें जिनकी वजह से लोकसभा के सपने एवं संकल्प अधूरे रहे और उसकी गरिमा धूमिल होती रही है। शुरुआत तो अच्छी हो रही है देखिये आगे क्या होता है? इतना तो है ही कि इस बार सभी पक्षों से बेहतर समझदारी और परिपक्वता की अपेक्षा रहेगी।

# पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल






**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर मोहम्मदपुर पैंसा व सराय अकिल पुलिस ने वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदपुर पैसा के निर्देश पर उपरीक्षक शैलेंद्र कुमार पांडेय नेम अकबर की सूचना पर वारंटी अभियुक्त सुनील सरोज पुत्र वासुदेव निवासी घटमापुर थाना मोहब्बतपुर पइंसा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया ।
थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 भानू प्रताप सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त रामबाबू पुत्र फूलचन्द्र नि0 फकीराबाद चमरौती थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया ।

# प्रभारी एसो भूमाफिया से करवा दिया आबादी की जमीन पर कब्जा

## एसडीएम आलापुर की रोक के बावजूद प्रभारी एसो जमीन कब्जा कराने में लगे रहे । पीड़ितों ने सीएम, चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी से की सख्त कार्रवाई की मांग

**सबसे तेज प्रयागराज**
**अम्बेडकर नगर।** अम्बेडकर नगर के आलापुर तहसील के तिघरातप्पा गांव में अभय कुमार दुबे के आबादी की जमीन पर थाना जहांगीरगंज के प्रभारी एसो हरिकेश यादव की शह पर भू-माफिया मनोज मिश्र आबादी की जमीन पर आज दबंगई से कब्जा कर लिया। जमीन पर कब्जा के दौरान भूमाफिया के कई दर्जन लोग मौके पर डटे रहे जबकि एसडीएम आलापुर ने मौके पर यथास्थिति बनाए रखने का आज सुबह आदेश थाने को दिया था लेकिन प्रभारी एसो हरिकेश यादव ने एसडीएम का आदेश मानने से साफ इंकार करते हुए पीड़ित परिजनों को दिनभर थाने पर बैठाएं रखा।
पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस की 112 गाड़ी मौके पर आई थी लेकिन प्रभारी एसो की दबंगई के चलते वह लोग भी लौट गये।
पीड़ित परिजनों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और पुलिस महानिदेशक को फैक्स और सीएम पोर्टल पर शिकायत भेजकर मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर प्रभारी एसो हरिकेश यादव और भूमाफिया मनोज मिश्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है
तिघरातप्पा निवासी अभय कुमार दुबे है। यह परिवार सहित कई पीढ़ियों से रहते हैं। इनके पड़ोसी मनोज मिश्र है जो अपराधी और दबंग प्रवृत्ति के है। यह अभय कुमार दुबे की आबादी की जमीन को कई वर्ष से कब्जा करना चाहते थे लेकिन सफलता नहीं पा रहे थे।
मनोज कुमार मिश्र ने शनिवार को प्रभारी एसो जहांगीरगंज हरिकेश यादव से सांठगांठ करके अभय कुमार दुबे के आबादी की जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया था। कई दर्जन बाहरी लोगों की मौजूदगी में मनोज मिश्र ने अभय कुमार दुबे की जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया था। इसी दौरान पीड़ित पक्ष अभय कुमार दुबे ने एसडीएम आलापुर से मिलकर मामले की जानकारी देते हुए हस्तक्षेप की मांग की जिस पर एसडीएम ने प्रभारी एसो जहांगीरगंज को आदेश दिया कि यथास्थिति कायम रखी जाये लेकिन प्रभारी एसो ने पीड़ित पक्ष को थाने में बैठा लिया और दबंग भूमाफिया मनोज मिश्र से अभय कुमार दुबे की जमीन पर देर रात तक कब्जा करा दिया। पीड़ित पक्ष के अभय कुमार दुबे का कहना है कि प्रभारी एसो हरिकेश यादव ने दबंग और भूमाफिया मनोज मिश्र ने लाखों रुपए लेकर मेरी जमीन पर कब्जा करवा दिया है। मामले में न्याय के लिए अगले हफ्ते प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से शिकायत करके प्रभारी एसो हरिकेश यादव को निलंबित कराने और मनोज मिश्र को भूमाफिया घोषित कर कब्जा की गई जमीन खाली कराने की मांग करूंगा। उन्होंने कहा कि आबादी की जमीन पर कब्जा कराने की पूरी जिम्मेदारी प्रभारी एसो हरिकेश यादव की है।

# पुलिस ने दुष्कर्म के दो अभियुक्त दबोचे गए






सबसे तेज प्रयागराज
कुशीनगर। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना विशुनपुरा पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त मुकेश कुशवाहा पुत्र अवधनाथ कुशवाहा साकिन नगर पंचायत दुदही टोला गिदहवा थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया ।
थाना कसया पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त अंकित विश्वकर्मा पुत्र रमेश्वर विश्वकर्मा उर्फ रमेश विश्वकर्मा निवासी धोकरहा सिसवा थाना कसया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# चेचिस नंबर बदलकर ट्रक बेचने वाले गिरोह के तीन अभियुक्त गिरफ्तार, ट्रक, मोबाइल, नगदी बरामद







**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** पुरामुफ्ती व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में चेचिस नंबर व नंबर प्लेट बदलकर ट्रक बेचने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर एक ट्रक मोबाइल नगदी बरामद करते हुए जेल भेज दिया।
थानाध्यक्ष पुरामुफ्ती मनोज कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में चोरी के आरोपियों की तलाश में एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा आपस में चर्चा कर रहे थे इसी बीच मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में चेचिस नंबर बदलकर ट्रक बेचने वाले गिरोह के 3 अभियुक्त कासिम अहमद पुत्र स्व0 सिद्दीक अहमद नि0 लाल बिहारा बमरौली थाना पूरामुफ्ती प्रयागराज, मो0 तारिक पुत्र मो0 मुस्लिम नि0 अकबरपुर उर्फ गंगागंज थाना नवाबगंज प्रयागराज, तवरेज अहमद उर्फ चाँद उर्फ चंदू पुत्र स्व0 लईक अहमद नि0 6/5 कटरा बक्तियारी थाना कर्नलगंज प्रयागराज को मंदर मोड़ थाना क्षेत्र पूरामुफ्ती से गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से 01 ट्रक (12 चक्का), कूटरचित नम्बर प्लेट (UP32KN8674 से बदलकर UP96T8572), चेसिस नम्बर (MAT466457J5E14759 से बदलकर MAT466457H1A16556 ) व चेसिस नम्बर बदलने के उपकरण (01 ग्राइन्डर, 05 ब्लेड, 01 हथौड़ी, 05 पेंसिल, 01 कलरशेड, 2 गुटखा लोहे का, 01 कील), 03 मोबाइल फोन व 4000/- रु0 नकद बरामद किये गये।
गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम निरीक्षक अनूप कुमार सरोज, एस ओजी प्रभारी. हर्षवीर सिंह, चौकी प्रभारी सल्लाहपुर. उ0नि0 वरूण कान्त प्रताप सिंह. प्रशि0 उ0नि0 विशाल आदि पुलिसकर्मी शामिल रहें।

# आत्महत्या के मामले में दो वांछित आरोपी गिरफ्तार





**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर हैदरगढ़ और जैदपुर पुलिस ने आत्महत्या के मामले में वांछित दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा शनिवार को वांछित अभियुक्त लक्ष्मीनारायण वर्मा पुत्र स्व0 प्रभु निवासी ग्राम बरैया थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को बरैया चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।
थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त शिवम मिश्रा उर्फ हिमांशु पुत्र जितेन्द्र कुमार मिश्रा निवासी 78/75 फूल वाली गली लाटुस रोड़ थाना अनवरगंज जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार किया गया।

# मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक शांति और सौहार्द का पढ़ाया पाठ, मेले का किया निरीक्षण

## *कर्बला मे डंप बालू को हटवाने मांग*





**सबसे तेज प्रयागराज**
**लालगोपालगंज प्रयागराज ।** मोहर्रम के त्यौहार को लेकर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता एसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने किया डीसीपी सोरांव जंगबहादुर यादव स्थानीय चौकी प्रभारी शरद सिंह उपनिरीक्षक नीरज कुशवाहा पूर्व चेयरमैन मुख्तार अहमद नायब तहसीलदार सत्यपाल चौहान लिपिक कृष्ण कुमार रहे इस दौरान बैठक में उपस्थित लोगों से मोहर्रम का त्यौहार आपसी भाईचारा और शांतिपूर्वक मनाने की अपील की वही बैठक मे बिजली विभाग के कर्मचारी ने अपने जानमाल की सुरक्षा की गुहार जिसपर अधिकारियों ने उन्हे सुरक्षा का भरोसा दिलाया वही पूर्व चेयरमैन मुख्तार अहमद ने अधिकारियों को अवगत कराया की इन दिनो कस्बे मे शोसल मीडिया के माध्यम से कुछ लोग कस्बे का माहौल एवं अमनचैन बिगाड़ने की कोसिश कर रहे है ऐसे लोगो पर कार्यवाही की मांग करते हुई लोगो को पर्व की बधाई दिया वही ताजियादारों ने अधिकारियों से बताया की कर्बला मैदान मे अवैध बालू डंप किया गया है जिससे ताजिया रखने और लाने ले जाने मे अवरोध उत्पन्न होगा एसीपी गंगानगर ने उपस्थित लोगों को बताया कि समय से पहले कर्बला मैदान से बालू हटवाया जाएगा बिजली विभाग के कर्मचारियो को निर्देश दिया की कोई भी तार नीचे ना हो जिसमे बिजली दौड़ रही हो और वो ताजिया आने मे अवरोध उत्पन्न करे ताजिया की लंबाई अधिक न हो की हानिकारक हो बिजली विभाग को जुलूस के दौरान बिजली कटौती का आदेश देते हुये नगर पंचायत को पेयजल सफाई वयवस्था चुस्तदुरुस्त करने का निर्देश देते हुये पर्व को आपसी भाई चारे के साथ मनाने की अपील किया कहा की पुराने मार्ग से ही ताजिया निकलाया जाएगा कोई भी नए रास्ते से ताजिया नहीं निकालेगा पर्व के दिन अराजकता फैलाने वालो पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी ।इस दौरान दानिश फारुकी , नबी उल्ला , इरशाद अबीबी , मो नफीश फारुकी ,बसंत लाल जयसवाल,राजू आदि लोग मौजूद रहे ।
वहीं डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने श्रृंगवेरपुर धाम में सप्तमी मेला का भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
इस दौरान एसीपी जंग बहादुर यादव,प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज धर्मेंद्र दुबे, चौकी प्रभारी श्रृंगवेरपुर मारुति नंदन तिवारी मौजूद रहें।

# दो ट्रकों की भिडंत से पांच घंटे लगा जाम




**अलीगढ़।** आगरा रोड मडराक थाना क्षेत्र के राधा वन व जयपुरिया स्कूल क निकट दो ट्रकों आपस भिडने के बाद सडक पर पलट जाने से हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। भिड़ंत से ट्रक सड़क पर पलट गए, जिससे घंटो जाम लगा रहा।
शुक्रवार को सुबह 5 बजे गांव घासीपुर के निकट राधा वन व जयपुरिया स्कूल के सामने राजस्थान से आ रहे ट्रक और अलीगढ़ से जा रहे ट्रक में भिड़त हो गई। भिड़ंत में 25 वर्षीय सोहिल निवासी सुल्तानपुर घायल हो गया, जिसका उपचार कराया गया। उसके घुटने वा सिर में चोट आई। बताते हैं कि सड़क किनारे एक पेड़ की टहनियां बहुत बाहर निकली हुई थीं। ट्रक भूसा से ओवरलोड था, ट्रक ड्राइवर ने पेड़ की टहनियों से बचने के लिए ट्रक को साइड से निकालना चाहा। तभी सामने अलीगढ़ की तरफ से आ रहे ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी, जिससे दोनों ट्रक टकराकर बीच रोड पलट गए।
सड़क के बीच ट्रक पलटने की वजह से दोनों तरफ एक-एक किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। राधा वन-जयपुरिया स्कूल से मईनाथ और वन चेतना से मुकंदपुर मोड़ तक जाम बढ़ गया। सुबह 5 बजे से लगा जाम 10 बजे तक खुल पाया। दोनों ट्रकों को क्रेन की मदद से सीधा कर थाने में ले जाकर खड़ा कर दिया गया। थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया की हादसे में सोहिल नामक व्यक्ति घायल हुआ था, जिसका उपचार कराया गया। दोनों ट्रकों को पुलिस थाने ले गयी।



## टीवी एक्ट्रेस

# हिना खान को हुआ स्तन कैंसर, कहा- 'मैं मजबूत हूं, वापसी करूंगी'



टीवी की दुनिया का पॉपुलर चेहरा रहीं हिना खान ने अपने करियर में कम समय में ही काफी नाम कमाया है. सोशल मीडिया पर वे एक्टिव रहती हैं और फैन्स के साथ कनेक्टेड रहती हैं. कुछ समय पहले भी एक्ट्रेस अपनी हेल्थ को लेकर सुर्खियों में थीं और इस बारे में उन्होंने सोशल मीडिया पर भी बताया था. लेकिन इस बार एक्ट्रेस एक गंभीर बीमारी की चपेट में आ गई हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में बताया है कि वे ब्रेस्ट कैंसर की शिकार हो गई हैं. एक्ट्रेस ने एक स्टेटमेंट जारी कर ये दुखद खबर साझा किया है. इसके बाद से ही उनके फैन्स और क्लोज फ्रेंड काफी चितिंत नजर आ रहे हैं.हिना खान ने इंस्टाग्राम पर इस बात की जानकारी शेयर करते हुए लिखा- सभी को हैलो, हालिया अफवाहों के मद्देनजर मैं अपने सभी चाहनेवालों और शुभचिंतकों को सूचित करना चाहती हूं कि मैं तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट केंसर का सामना कर रही हूं. डायग्नोसिस के बाद मैं आप सभी को ये बताना चाहती हूं कि मैं ठीक हूं. मैं मजबूत हूं, और जल्द ही इस बीमारी से बाहर निकलूंगी. इस बात को लेकर मैं काफी कमिटेड हूं. मेरा इलाज शुरू हो चुका है और मैं इस बीमारी से उबरने के लिए प्रयास शुरू कर चुकी हूं.

**फैन्स हुए दुखी**


हिना खान की बात करें तो पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में ट्रबल कर रही है. कोरोना काल में ही एक्ट्रेस के पिता का निधन हो गया था. वहीं दूसरी तरफ ये रिश्ता क्या कहलाता है और बिग बॉस के बाद से एक्ट्रेस को कोई बड़ा मौका नहीं मिला. हालांकि वे कान्स तक गई और उन्होंने फिल्मों में एक्टिंग भी शुरू की. मगर टीवी में उनकी पकड़ पहले से कम हुई और पिछले कुछ समय में उन्होंने काम भी कम किया है. अब एक्ट्रेस के फैन्स यही चाहते हैं कि वे जल्द से ठीक हो जाएं. इस मौके पर अनीता हसनंदानी और सुनीता राजवर समेत कई सारे स्टार्स हैं जो उनके लिए प्रे कर रहे हैं.



# सना सुल्ताना ने लिया बदला, अरमान मलिक के साथ इन कंटेस्टेंट को किया नॉमिनेट

सना सुल्ताना 'बिग बॉस ओटीटी 3' के घर में मौजूद 14 कंटेस्टेंट के लिए 'घर की भेदी' हैं. यानी घर में मौजूद कंटेस्टेंट में से सिर्फ सना के साथ बिग बॉस की तरफ से बाहर की खबरें शेयर की जाती हैं. भले ही घरवालों के लिए सना 'घर की भेदी' हों. लेकिन इस शो से जुड़ी ऑडियंस के लिए सना 'जनता की एजेंट' हैं. इस खास टाइटल के साथ सना को कुछ स्पेशल पावर भी दी गई हैं. लेकिन इन पावर्स के साथ उन्हें एक वॉर्निंग भी मिली है. होस्ट अनिल कपूर की तरफ से सना को ये चेतवानी दी गई है कि उन्हें घरवालों से उनका सीक्रेट छिपाना होगा. अगर ये बात वो किसी के साथ शेयर करती हैं, तो सना के सारे स्पेशल पावर छीन लिए जाएंगे.नीरज गोयत के एविक्ट होने के बाद 'बिग बॉस' ने फिर एक बार नॉमिनेशन टास्क की घोषणा की है. इस घोषणा के बाद बिग बॉस की तरफ से सना के फोन पर खास मैसेज भेजा गया. सना को आए हुए बिग बॉस के मैसेज में लिखा गया था कि सना, हम आपको मौका दे रहे हैं कि अब बिग बॉस के घर में होने वाले नॉमिनेशन टास्क में किन्हीं 3 कंटेस्टेंट को इस टास्क में शामिल होने से रोक सकते हैं. जिन्हें आप रोकेंगी, वो घर में होने वाले नॉमिनेशन टास्क में शामिल नहीं हो पाएंगे.





**7 कंटेस्टेंट हुए नॉमिनेट**

सूत्रों की मानें तो सना ने उन्हें हमेशा टारगेट करने वाले अरमान मलिक, अरमान मलिक की पहली पत्नी पायल मलिक, और वड़ा पाव गर्ल चन्द्रिका गेरा दीक्षित से नॉमिनेशन राउंड में वोटिंग करने का अधिकार छीन लिया. बिग बॉस ओटीटी 3 में हुई दूसरी नॉमिनेशन प्रक्रिया में अरमान, पायल और चन्द्रिका के अलावा बाकी 11 कंटेस्टेंट ने हिस्सा लिया. फिलहाल घर से बाहर जाने के लिए 7 कंटेस्टेंट को नॉमिनेट किया गया है. इन नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट में अरमान मलिक और उनकी पहली पत्नी पायल का नाम भी शामिल है.

## 25 साल बाद आमिर खान करने जा रहे हैं ये बड़ा बदलाव, अब चले करण जौहर की राह



साल 1999 में बॉलीवुड एक्टर आमिर खान ने अपने नाम से ही प्रोडक्शन हाउस (आमिर खान फिल्म्स) शुरू किया था. इस प्रोडक्शन हाउस ने अब तक 'लापता लेडीज', 'दंगल', 'तलाश', 'सीक्रेट सुपरस्टार' जैसी कई फिल्में प्रोड्यूस की हैं. प्रोडक्शन हाउश शुरू होने के 25 साल बाद इस प्रोडक्शन हाउस में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है. दरअसल, इस प्रोडक्शन हाउस को फिल्म स्टूडियो में बदलने की तैयारी है.दरअसल, इसी महीने अपर्णा पुरोहित को 'आमिर खान फिल्म्स' का सीईओ बनाया गया है. अब पीपिंगमून की एक रिपोर्ट की मानें तो उनके लीडरशिप में ये प्रोडक्शन हाउस फिल्म स्टूडियो की तरह काम करेगी. अपर्णा इससे पहले अमेजन प्राइम वीडियो में इंडिया और साउथ ईस्ट एशिया के ओरिजिनल कंटेंट की हेड थीं. उन्होंने वहां इस्तीफा देकर आमिर खान प्रोडक्शन ज्वाइन कर लिया और अब यहां इस कंपनी को नए मुकाम पर ले जाने की तैयारी है.

**यशराज फिल्म्स और धर्मा प्रोडक्शन की तरह होगा काम**

रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से ये भी बताया गया, आमिर लंबे लमय से अपने प्रोडक्शन हाउस को स्टूडियो में बदलना चाहते थे. यही वजह है कि अपर्णा को इस कंपनी में लाया गया है, जो भारत में अमेजन प्राइम वीडियो से उसकी शुरुआत से ही जुड़ी रही हैं. उन्होंने 70 से भी ज्यादा शोज और फिल्में लॉन्च की हैं और 100 से भी शोज-फिल्में डेवलप किए हैं. अपर्णा 'आमिर खान फिल्म्स' को एक स्टूडियो की तरह चलाएंगी. ठीक वैसे ही जैसे यशराज फिल्म्स और धर्मा प्रोडक्शन काम करती हैं.

**प्रोडक्शन और स्टूडियो में क्या अंतर होता है?**

फिल्म प्रोडक्शन हाउस किसी भी प्रोजेक्ट के क्रिएटिव और टेक्निकल पहलुओं पर काम करता है, साथ ही फंडिंग भी करता है. लेकिन स्टूडियो के काम का दायरा थोड़ा बड़ा हो जाता है. फिल्म स्टूडियो फंडिंग, प्रोड्यूसिंग और किसी प्रोजेक्ट को रिलीज करने के साथ-साथ उस प्रोजेक्ट के राइट्स और रेवेन्यू जनरेशन पर भी काम करता है. स्टूडियो फिल्ममेकर्स को साउंडस्टेज, शूटिंग से जुड़े उपकरण, क्रू, साथ ही पोस्ट प्रोडक्शन जैसी सुविधाएं भी देता है.

## 'हम जानते थे...', तलाक के बाद एक साथ बेटे की परवरिश करना अरबाज-मलाइका के लिए हो गया था मुश्किल



अरबाज खान अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खूब चर्चा में रहते हैं. फिर चाहे वो उनका मलाइका अरोड़ा संग तलाक हो या फिर उनकी दूसरी शादी. हालांकि मलाइका के साथ तलाक होने के बाद भी उन्हें अक्सर साथ देखा जाता है. इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह उनका बेटा अरहान खान है. अपने बेटे की खातिर अरबाज और मलाइका को साथ आना ही पड़ता है. दोनों एक साथ अपने बेटे की परवरिश करते हैं. जब-जब अरहान को अपने माता-पिता की जरूरत होती है, वो दोनों हमेशा उनके साथ होते हैं.

हैलो मैगज़ीन के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में, मलाइका ने अपने बेटे की परवरिश के बारे में खुलकर बात की और बताया कि उन्होंने अपने एक्स-हसबैंड के साथ मिलकर अपने बेटे की को-पैरेंटिंग कैसे की, इसमें कैसे बैलेंस बनाया. इंटरव्यू में एक्ट्रेस से उनके बेटे के संस्कारों और उनकी परवरिश को लेकर सवाल किया गया, जिसपर रिएक्ट करते हुए उन्होंने बताया कि शुरुआत में थोड़ी मुश्किलें हुई थीं.

मलाइका ने बताया कि, जिंदगी ऐसी ही है. वो दोनों जानते थे कि बाकी सब चीज़ों के बावजूद और दो अडल्ट्स के बीच क्या हुआ होगा, इसका असर कभी भी बच्चे पर नहीं पड़ना चाहिए और उन्होंने को-पैरेंटिंग का एक अलग तरीका निकाला. मलाइका की मानें तो वह हमेशा इस चीज का ध्यान रखती थी कि अरहान को उनके राइट्स का एहसास हो और वह खुद से अपने काम करना सीखे. वो एक मां के रूप में चाहती थीं कि उनका बेटा दूसरों की इज्जत करे और बिना अपनी प्रिविलेज और दूसरों पर भरोसा किए बिना काम करे.

मलाइका कहती हैं कि उन्होंने अपने बेटे से हमेशा कहा है कि उन्हें अपने दम पर सब कुछ हासिल करना होगा. उन्हें इस बात पर डिपेंडेंट नहीं रहना है कि उनके माता-पिता कौन है. मलाइका अरोड़ा ने अरबाज खान संग तलाक के कुछ साल बाद अर्जुन कपूर के साथ अपना रिश्ता ऑफिशियल कर दिया था. फिलहाल अर्जुन और मलाइका एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं. हालांकि दोनों के अलग होने की खबरें भी आती रहती हैं.

## मई 2024 तक (वित्त वर्ष 2024-25) भारत सरकार के खातों की मासिक समीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार को मई 2024 तक 5,72,845 करोड़ रुपये (कुल प्राप्तियों के संगत बजट अनुमान 2024-25 का 18.6त) प्राप्त हुए हैं, जिसमें कर राजस्व (केंद्र को शुद्ध) के रूप में 3,19,036 करोड़ रुपये, गैर-कर राजस्व के रूप में 2,51,722 करोड़ रुपये और गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियों के रूप में 2,087 करोड़ रुपये शामिल हैं, जो ऋणों की वसूली से प्राप्त हुए हैं। इस अवधि तक भारत सरकार द्वारा करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 1,39,751 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21,471 करोड़ रुपये अधिक है।

भारत सरकार द्वारा किया गया कुल व्यय 6,23,460 करोड़ रुपये (संगत बजट अनुमान 2024-25 का 13.1फीसदी) है, जिसमें से 4,79,835 करोड़ रुपये राजस्व खाते पर और 1,43,625 करोड़ रुपये पूंजी खाते पर हुए हैं। कुल राजस्व व्यय में से 1,23,810 करोड़ रुपये ब्याज भुगतान के कारण और 54,688 करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडी के कारण हुए हैं।

## 01 जुलाई से दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (नौवां संशोधन) विनियम, 2024 लागू हो जाएगा

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (टीआरएआई) ने 14 मार्च, 2024 को दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (नौवां संशोधन) विनियम, 2024 जारी किए, जो 1 जुलाई 2024 से लागू हो जाएंगे। इन संशोधन विनियमों का उद्देश्य बेईमान तत्वों द्वारा धोखाधड़ी वाले सिम स्वैप/प्रतिस्थापन के माध्यम से मोबाइल नंबरों की पोर्टिंग पर अंकुश लगाना है। इन संशोधन विनियमों के माध्यम से, एक विशिष्ट पोर्टिंग कोड (यूपीसी) के आवंटन के अनुरोध को अस्वीकार करने के लिए एक अतिरिक्त मानदंड प्रस्तुत किया गया है। विशेष रूप से, यदि सिम स्वैप/प्रतिस्थापन की तारीख से सात दिनों की समाप्ति से पहले विशिष्ट पोर्टिंग कोड (यूपीसी) के लिए अनुरोध किया गया है, तो विशिष्ट पोर्टिंग कोड (यूपीसी) आवंटित नहीं किया जाएगा। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए श्री अखिलेश कुमार त्रिवेदी, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम और लाइसेंसिंग), भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (टीआरएआई) से टेलीफोन नंबर +91-11-20907758 पर संपर्क किया जा सकता है।

## देश के आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि रफ्तार मई में 6.3 फीसदी की दर से बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि रफ्तार दर मई में 6.3 फीसदी दर्ज की गई है। हालांकि, इससे पिछले महीने अप्रैल में इन आठ क्षेत्रों का उत्पादन 6.7 फीसदी की दर से बढ़ा था। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में इन आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का योगदान 40.27 फीसदी होता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि मई में सलाना आधार पर 6.3 फीसदी बढ़ा है। इन प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों की वृद्धि दर मई 2023 में 5.2 फीसदी थी। आंकड़ों के मुताबिक कोयला, प्राकृतिक गैस और बिजली क्षेत्र के उत्पादन में अच्छी वृद्धि होने की वजह से मई के महीने में उत्पादन में ये सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई, लेकिन उर्वरक, कच्चे तेल और सीमेंट उत्पादन में मई के दौरान नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय के मुताबिक फरवरी 2024 के लिए आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की अंतिम वृद्धि दर 7.1 फीसदी है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में इन ढांचागत क्षेत्रों का उत्पादन 6.5 फीसदी की दर से बढ़ा है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 4.9 फीसदी बढ़ा था। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में सीमेंट, कोयला, कच्चा तेल, बिजली, उर्वरक, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और इस्पात शामिल है।

## स्टेनली लाइफस्टाइल्स का शेयर 38 फीसदी से ज्यादा बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**मुंबई।** लक्जरी फर्नीचर ब्रांड कंपनी स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड का शेयर 369 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 38 फीसदी से अधिक बढ़कर सूचीबद्ध हुआ है। कंपनी का शेयर आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर निर्गम मूल्य के मुकाबले 35.23 फीसदी उछलकर 499 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के दौरान यह शेयर 38.21 फीसदी बढ़कर 510 रुपये पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर यह 34.13 फीसदी की तेजी के साथ 494.95 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ है। स्टेनली लाइफस्टाइल्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को 96.98 गुना अभिदान मिला था। कंपनी के आईपीओ का आकार 537 करोड़ रुपये है। इसके आईपीओ में 200 करोड़ रुपये का ताजा निर्गम और 91,33,454 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। कंपनी आईपीओ से मिली राशि का इस्तेमाल नए स्टोर खोलने और मौजूदा स्टोर के नवीनीकरण के लिए करेगी। बेंगलुरु स्थित स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड एक लक्जरी फर्नीचर ब्रांड है। यह अपने कई ब्रांड के जरिए सुपर-प्रीमियम, लक्जरी और अल्ट्रा-लक्जरी सहित विभिन्न मूल्य श्रेणियों में काम करने वाली कुछ भारतीय कंपनियों में से एक है। इसकी बेंगलुरु में दो निर्माण सुविधाएं मौजूद है।

# मोदी सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है : शिवराज सिंह



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के अंतर्गत बैंकों द्वारा प्रस्तुत ब्याज अनुदान दावों के निपटान की प्रक्रिया को स्वचालित और तेज करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) और नाबार्ड द्वारा संयुक्त रूप से विकसित वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी, नाबार्ड के अध्यक्ष, किसान कल्याण विभाग और बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मोदी सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि अवसंरचना कोष को पीएम मोदी द्वारा 1 लाख करोड़ रुपये की फंडिंग के साथ लॉन्च किया गया था ताकि फसलों के भंडारण की क्षमता बढ़ाई जा सके और किसानों के नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि नए लॉन्च किए गए क्रेडिट दावों के स्वचालन से दावों का निपटान एक दिन के भीतर सुनिश्चित हो जाएगा, जो अन्यथा मैन्युअल निपटान के लिए महीनों लगते थे। उन्होंने कहा कि इस कदम से पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी और भ्रष्ट तरीकों पर रोक लगेगी। श्री चौहान ने कहा कि किसानों के अनुभव साझा करने वाले नए पोर्टल से किसान समुदाय एक-दूसरे के अनुभवों से लाभान्वित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कई किसान स्वयं प्रयोग कर रहे हैं और उनकी सफल कहानियों को दूसरों के लिए अनुकरणीय बनाने के लिए आगे लाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज तक कृषि अवसंरचना कोष के तहत 67,871 परियोजनाओं के लिए ?43,000 करोड़ पहले ही स्वीकृत किए जा चुके हैं, ?72,000 करोड़ के निवेश को जुटाया गया है। इसके अतिरिक्त, बैंक ब्याज सबवेंशन दावों के त्वरित निपटान की उम्मीद कर सकते हैं। श्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि स्वचालित प्रणाली पोर्टल के माध्यम से सटीक पात्र ब्याज अनुदान की गणना में मदद करेगी, जिससे मैन्युअल प्रसंस्करण में संभावित मानव त्रुटि से बचा जा सकेगा और दावों का तेजी से निपटान भी होगा। इस पोर्टल का उपयोग बैंक, कृषि और किसान कल्याण विभाग (छ×स्ड्ड) का केंद्रीय परियोजना प्रबंधन इकाई (छक्क) और ह्वक्र्छ करेंगे। ब्याज अनुदान दावा और क्रेडिट गारंटी शुल्क दावा प्रसंस्करण का स्वचालन सरकार को सटीक ब्याज अनुदान जारी करने, बदलाव का समय को कम करने और बदले में किसानों और कृषि उद्यमियों को वित्तीय रूप से मदद करने और उन्हें देश में कृषि के विकास के लिए अधिक परियोजनाएं लेने के लिए प्रोत्साहित करने में मदद करेगा।

## सरकार ने दूसरी तिमाही में लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को रखा यथावत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) सहित अन्य लघु बचत योजनाओं के लिए वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने की घोषणा की है। सरकार ने एक जुलाई, 2024 से शुरू होने वाली दूसरी तिमाही के लिए लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को यथावत रखा है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने जारी एक अधिसूचना में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (एक जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें पहली तिमाही (एक मार्च से 30 जून 2024 तक) के लिए अधिसूचित दरों के समान ही रहेंगी।

मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 फीसदी की ब्याज दर मिलेगी जबकि तीन साल की सावधि जमा पर दर 7.1 फीसदी रहेगी। सार्वजनिक भविष्य निधि और डाकघर बचत जमा योजना की ब्याज दरें भी क्रमशः 7.1 फीसदी और चार फीसदी पर बनी रहेंगी। इसी तरह किसान विकास पत्र पर ब्याज दर




7.5 फीसदी होगी तथा यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा।

अधिसूचना के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए राष्ट्रीय बचत पत्र (एनएससी) पर ब्याज दर 7.7 फीसदी रहेगी। दूसरी तिमाही में डाकघर मासिक आय योजना के निवेशकों को पहले की तरह 7.4 फीसदी ब्याज मिलेगा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार हर तिमाही में डाकघरों और बैंकों द्वारा संचालित लघु बचत योजनाओं के लिए ब्याज दरों को अधिसूचित करती है।

# पिछले दशक में आयातित कोयले की हिस्सेदारी में रिकॉर्ड गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत वैश्विक स्तर पर पाँचवें सबसे बड़े कोयला भंडार से संपन्न है और कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है, जिसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था से गति मिली है। कुल मिलाकर कोयला खपत परिदृश्य में, हमारे भंडारों में कोकिंग कोल और उच्च श्रेणी के थर्मल कोयले की अनुपलब्धता के कारण स्टील जैसे उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आयात की आवश्यकता होती है। हालाँकि, घरेलू स्तर पर मध्यम और निम्न श्रेणी के थर्मल कोयले प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं, जिससे देश की घरेलू माँग को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन करना अनिवार्य हो जाता है। पिछले एक दशक में, कोयला उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किए गए ठोस प्रयासों से सकारात्मक रुझान देखने को मिले हैं। उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2004-05 से वित्त वर्ष 2013-14 तक, कोयला उत्पादन की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) केवल 4.44त रही, जबकि वित्त वर्ष



2014-15 से वित्त वर्ष 2023-24 तक यह दर बढ़कर लगभग 5.63त हो गयी। इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2004-05 से वित्त वर्ष 2013-14 तक कोयला आयात का सीएजीआर उल्लेखनीय रूप से 21.48त रहा, जबकि वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त वर्ष 2023-24 तक कोयला आयात का सीएजीआर केवल 2.49फीसदी रहा है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान आयातित कोयले की हिस्सेदारी का सीएजीआर 13.94त रहा, जबकि यह आंकड़ा कम होकर लगभग -2.29त हो गया। स्वदेशी कोयला संसाधनों को अनुकूल बनाने और नवीन तकनीकी समाधानों का लाभ उठाने पर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करने के साथ, भारत राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भरता की ओर अपनी यात्रा जारी रखे हुए है।

## भारत और अमेरिका ने 'समानीकरण शुल्क 2020' पर परिवर्तनशील नजरिए को 30 जून, 2024 तक बढ़ा दिया है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 8 अक्टूबर, 2021 को भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने ओईसीडी/जी20 समावेशी फ्रेमवर्क के 134 अन्य सदस्यों (ऑस्ट्रिया, फ्रांस, इटली, स्पेन, और ब्रिटेन सहित) के साथ मिलकर अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण से उत्पन्न होने वाली टैक्स संबंधी चुनौतियों का समाधान करने के लिए 'दो-स्तंभ समाधान से संबंधित वक्तव्य' पर सहमति जताई थी।

21 अक्टूबर, 2021 को संयुक्त राज्य अमेरिका और ऑस्ट्रिया, फ्रांस, इटली, स्पेन एवं ब्रिटेन ने 'स्तंभ 1' के कार्यान्वयन के दौरान लागू एकतरफा उपायों से संबंधित परिवर्तनशील नजरिए पर एक राजनीतिक समझौता किया था। यह समझौता उस संयुक्त वक्तव्य में परिलक्षित होता है जो उस तारीख को इन छह देशों द्वारा जारी किया गया था ('21 अक्टूबर संयुक्त वक्तव्य')।

24 नवंबर, 2021 को भारत और अमेरिका ने इस बात पर सहमति जताई थी कि 21 अक्टूबर को जारी संयुक्त वक्तव्य के तहत लागू होने वाली वही शर्तें भारत और अमेरिका के बीच ई-कॉमर्स के तहत सेवाओं की आपूर्ति पर भारत द्वारा लगाए गए 2फीसदी समानीकरण शुल्क और

**भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए निकट संपर्क में बने रहेंगे।**

उक्त समानीकरण शुल्क से जुड़ी अमेरिका की व्यापारिक कार्रवाई के संबंध में लागू होंगी। इस समझौते की वैधता 1 अप्रैल 2022 से लेकर 'स्तंभ 1' के कार्यान्वयन तक यानी 31 मार्च 2024 तक थी, इनमें से जो भी पहले हो। यह बात दोनों ही पक्षों द्वारा दिए गए सार्वजनिक वक्तव्यों ('24 नवंबर को जारी वक्तव्यों') में कही गई।18 दिसंबर, 2023 को समावेशी फ्रेमवर्क के तहत एक वक्तव्य जारी किया गया था जिसमें मार्च 2024 के आखिर तक 'स्तंभ 1' बहुपक्षीय सम्मेलन के पाठ को अंतिम रूप देने का आह्वान किया गया था, ताकि जून 2024 के आखिर तक हस्ताक्षर समारोह आयोजित किया जा सके।

15 फरवरी, 2024 को संयुक्त राज्य अमेरिका और ऑस्ट्रिया, फ्रांस, इटली, स्पेन एवं ब्रिटेन ने 21 अक्टूबर को जारी संयुक्त वक्तव्य में निर्धारित राजनीतिक समझौते की अवधि को 30 जून, 2024 तक बढ़ाने का निर्णय लिया था। यह निर्णय 15 फरवरी, 2024 को उनके द्वारा जारी संयुक्त वक्तव्य ('21 अक्टूबर को अद्यतन किया गया संयुक्त वक्तव्य') में परिलक्षित होता है। उपर्युक्त घटनाक्रमों के मद्देनजर भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने 24 नवंबर को जारी वक्तव्यों में दर्शाए गए समझौते की वैधता को 30 जून, 2024 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। परिवर्तनशील नजरिए की अन्य सभी शर्तें यथावत हैं।

भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए निकट संपर्क में बने रहेंगे कि संबंधित प्रतिबद्धता की आम समझ हो और रचनात्मक संवाद के जरिए इस मामले से जुड़े सभी मुद्दों को हल करने का प्रयास किया जाए।

# डीएवाई-एनआरएलएम ने महिला स्वयं सहायता समूहों को सेवा क्षेत्र उद्यमों में शामिल कर 'लखपति दीदी बनाने' के विषय पर कार्यशाला आयोजित की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के अंतर्गत बैंकों द्वारा प्रस्तुत ब्याज अनुदान दावों के निपटान की प्रक्रिया को स्वचालित और तेज करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) और नाबार्ड द्वारा संयुक्त रूप से विकसित वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी, नाबार्ड के अध्यक्ष, किसान कल्याण विभाग और बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मोदी सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि अवसंरचना कोष को पीएम मोदी द्वारा 1 लाख करोड़ रुपये की फंडिंग के साथ लॉन्च किया गया था ताकि फसलों के भंडारण की क्षमता बढ़ाई जा सके और किसानों के नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि नए लॉन्च किए गए क्रेडिट दावों के स्वचालन से दावों का निपटान एक दिन के भीतर सुनिश्चित हो जाएगा, जो अन्यथा मैन्युअल निपटान के लिए महीनों लगते थे। उन्होंने कहा कि इस कदम से पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी और भ्रष्ट तरीकों पर रोक लगेगी। श्री चौहान ने कहा कि किसानों के अनुभव साझा करने वाले नए पोर्टल से किसान समुदाय एक-दूसरे के अनुभवों से लाभान्वित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कई किसान स्वयं प्रयोग कर रहे हैं और उनकी सफल कहानियों को दूसरों के लिए अनुकरणीय बनाने के लिए आगे लाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज तक कृषि अवसंरचना कोष के तहत 67,871 परियोजनाओं के लिए ?43,000 करोड़ पहले ही स्वीकृत किए जा चुके हैं, ?72,000 करोड़ के निवेश को जुटाया गया है। इसके अतिरिक्त, बैंक ब्याज सबवेंशन दावों के त्वरित निपटान की उम्मीद कर सकते हैं। श्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि स्वचालित प्रणाली पोर्टल के माध्यम से सटीक पात्र ब्याज अनुदान की गणना में मदद करेगी, जिससे मैन्युअल प्रसंस्करण में संभावित मानव त्रुटि से बचा जा सकेगा और दावों का तेजी से निपटान भी होगा। इस पोर्टल का उपयोग बैंक, कृषि और किसान कल्याण विभाग का केंद्रीय परियोजना प्रबंधन इकाई और NABARD करेंगे। ब्याज अनुदान दावा और क्रेडिट गारंटी शुल्क दावा प्रसंस्करण का स्वचालन सरकार को सटीक ब्याज अनुदान जारी करने, बदलाव का समय को कम करने और बदले में किसानों और कृषि उद्यमियों को वित्तीय रूप से मदद करने और उन्हें देश में कृषि के विकास के लिए अधिक परियोजनाएं लेने के लिए प्रोत्साहित करने में मदद करेगा।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.71 अरब डॉलर पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 जून को समाप्त हफ्ते में 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में बताया कि 21 जून को समाप्त हफ्ते में मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियां 10.6 करोड़ डॉलर घटकर 574.13 अरब डॉलर रही। इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 98.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 56.96 अरब डॉलर रहा। वहीं, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.05 अरब डॉलर रहा। इसके अलावा



अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 90 लाख डॉलर घटकर 4.57 अरब डॉलर रही है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार उछलकर 7 जून, 2024 को समाप्त हफ्ते में 655.82 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच था।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 21 लाख करोड़ रुपये के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) 21 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट) कैप वाली भारत की पहली कंपनी बन गई है।

जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के टैरिफ दरों में 25 फीसदी तक महंगे करने की घोषणा के बाद रिलायंस का शेयर करीब 2 फीसदी चढ़ कर रिकॉर्ड 3,129 रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद कंपनी का मार्केट कैप बढ़ कर 20 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भाव 2 फीसदी की तेजी के साथ 3129 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो 52 हफ्ते का नया उच्चतम स्तर है।

उल्लेखनीय है कि निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी आरआईएल चार महीना पहले फरवरी 2024 में पहली बार 20 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप को पार किया था। इससे पहले कंपनी ने सितंबर 2021 में 15 लाख करोड़ रुपये का लेवल पार किया था। 2019 में रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 10 लाख करोड़ रुपये के पार निकला था।

# भारती एयरटेल ने भी टैरिफ बढ़ाया, तीन जुलाई से लागू होंगी नई दरें

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार सर्विस प्रदाता कंपनी भारती एयरटेल ने मोबाइल सेवाओं की टैरिफ दरों में इजाफा करने का ऐलान किया है। रिलायंस जियो के बाद एयरटेल भी अपने मोबाइल टैरिफ में 10 से 21 फीसदी तक बढ़ोतरी करेगी। नई दरें 3 जुलाई से लागू होंगी।भारती एयरटेल ने जारी बयान में कहा है कि वह 3 जुलाई, 2024 से मोबाइल टैरिफ में संशोधन करेगी। कंपनी ने कहा कि असीमित 'वॉयस प्लान' की दरों में लगभग 11 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। एयरटेल के मुताबिक अब ये दरें 179 रुपये से बढ़ाकर 199 रुपये, 455 रुपये से बढ़ाकर 509 रुपये और 1,799 रुपये से बढ़ाकर 1,999 रुपये कर दी गई हैं। इसके अलावा दैनिक 'डेटा प्लान' श्रेणी को 479 रुपये से बढ़ाकर 579 रुपये कर दिया गया है, जो 20.8 फीसदी की वृद्धि है। उल्लेखनीय है कि दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों ने 10वीं स्पेक्ट्रम नीलामी के तुरंत बाद अपने मोबाइल सेवाओं की टैरिफ दरों में वृद्धि की घोषणा की है।

# एफएटीएफ ने भारत की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को स्वीकार किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने सिंगापुर में अपने पूर्ण अधिवेशन में भारत की पारस्परिक मूल्याकंन रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। भारत की इस रिपोर्ट को एफएटीएफ के सिंगापुर में आयोजित पूर्ण अधिवेशन में स्वीकार किया गया है।

वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि भारत की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को 26 जून से 28 जून, 2024 के बीच सिंगापुर में आयोजित एफएटीएफ के पूर्ण अधिवेशन में स्वीकार किया गया। इस रिपोर्ट ने भारत को नियमित अनुवर्ती श्रेणी में रखा है। यह ऐसा सम्मान है जो केवल चार अन्य जी-20 देशों को मिला हुआ है।

मंत्रालय के मुताबिक यह मनी लॉन्ड्रिंग (एलएल) और आतंकवादी वित्तपोषण (टीएफ) से निपटने के भारत के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है। इन सबके अलावा एफएटीएफ ने भारत के निम्नलिखित प्रयासों को मान्यता दी है। इसमें भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और संगठित अपराध से प्राप्त आय के शोधन सहित मनी



लॉड्रिंग/आतंकवादी वित्तपोषण से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कम करना। इसके साथ ही मनी लॉड्रिंग/आतंकवादी वित्तपोषण जोखिमों को कम करने के लिए नकदी आधारित अर्थव्यवस्था से डिजिटल अर्थव्यवस्था में परिवर्तन हेतु भारत द्वारा प्रभावी उपाय लागू करना। वहीं, नकदी लेन-देन पर कड़े नियमों के साथ-साथ जेएएम (जन धन, आधार, मोबाइल) ट्रिनिटी के कार्यान्वयन से वित्तीय समावेशन और डिजिटल लेन-देन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इन उपायों ने लेन-देन को और अधिक पारदर्शी बना दिया है, जिससे मनी लॉड्रिंग/आतंकवादी वित्तपोषण जोखिम कम हो गया है और वित्तीय समावेशन में वृद्धि हुई है।

**क्या है एफएटीएफ**

वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना वर्ष 1989 में की गई थी। इसको बनाने का मकसद मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवादी फंडिंग और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली की सुरक्षा से संबंधित खतरों से निपटना है। भारत 2010 में एफएटीएफ का सदस्य बना।

## बंगाल के आईटी सेक्टर में अब 8.30 के बजाय नौ घंटे काम करेंगे कर्मचारी, मंत्री ने की घोषणा

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के आईटी उद्योग मंत्री बाबुल सुप्रियो ने कहा कि राज्य सरकार आईटी सेक्टर में काम करने के घंटे को 8.30 से बढ़ाकर नौ घंटे करेगी। सुप्रियो ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए एक जुलाई से दैनिक कार्य घंटों की सीमा 30 मिनट बढ़ा रही है। हालांकि, उन्होंने कहा कि 48 घंटे की साप्ताहिक सीमा अपरिवर्तित रहेगी यानी 48 घंटे तक काम करने के बाद कर्मचारियों को 24 घंटे की छुट्टी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बाबत जल्द ही एक सरकारी आदेश आने की उम्मीद है।

सुप्रियो ने कहा कि अन्य राज्यों से प्रतिस्पर्धा के साथ तालमेल बनाए रखने और पश्चिम बंगाल के आईटी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दैनिक कार्य घंटों की सीमा को आठ घंटे और 30 मिनट से बदलकर नौ घंटे करने को हरी झंडी दे दी है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर साप्ताहिक कार्य घंटों की सीमा 48 घंटे अपरिवर्तित रहेगी। उद्योग दैनिक कार्य घंटों की सीमा बढ़ाने की मांग कर रहा



था क्योंकि वे आम तौर पर पांच-दिवसीय कार्य सप्ताह का पालन करते हैं। इसका मतलब है कि आईटी क्षेत्र की कंपनियां अब अपने ग्राहकों को 42.5 घंटे के बजाय 45 घंटे का बिल दे सकती हैं। यह जुलाई से प्रभावी होगा।

# लगातार सस्ता हो रहा है सोना, चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार चौथे दिन सोने के कारोबार में दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर बाजारों में सोना के भाव में आज गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा दूसरे सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 72 हजार रुपये के स्तर से फिसल कर 71,870 रुपये से लेकर 71,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज चेन्नई के अलावा बाकी सर्राफा बाजारों में 66 हजार के स्तर से गिर कर 65,890 रुपये से लेकर 65,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चेन्नई में आज भी 24 कैरेट सोना 72 हजार और 22 कैरेट सोना 66 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर बना हुआ है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं आया है। इस वजह से आज भी दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 89,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 71,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 65,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 71,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 71,770 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 65,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 71,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 71,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 65,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 71,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 65,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 71,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 71,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 65,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## ब्रिंदा और दीपा मलिक को 'यूके-इंडिया अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और पैरालंपियन दीपा मलिक को विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले भारतीयों के सम्मान के लिए आयोजित एक समारोह में विशेष पुरस्कार से नवाजा गया है। लंदन में आयोजित 'इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ)' के वार्षिक 'यूके-इंडिया अवार्ड्स 2024' में सकारात्मक सामाजिक बदलाव के लिए अरुणाचलम मुरुगनाथम 'ग्लोबल इंडियन आइकॉन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। उनके के साथ-साथ खेल के इन दिग्गजों को सम्मानित किया गया। मुरुगनाथम के जीवन पर 2018 में अक्षय कुमार की फिल्म 'पैडमैन' रिलीज हो चुकी है। इस मौके पर बिंद्रा ने उम्मीद जतायी की भारतीय खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में अच्छा करेंगे। उन्होंने कहा, ''टोक्यो में हमने सात पदक जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। मुझे उम्मीद है कि पेरिस में हमारा प्रदर्शन उससे बेहतर होगा। उम्मीद है कि हम अपनी पहली महिला ओलंपिक चैम्पियन (स्वर्ण पदक विजेता) को देखेंगे।'' भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता और भारत की पैरालंपिक समिति की पूर्व अध्यक्ष डॉ. दीपा मलिक ने पैरालंपिक के लिए इसी तरह की बातें कहीं। उन्होंने कहा, ''पैरालंपिक में भारत का पेरिस 2024 में प्रदर्शन टोक्यो से बेहतर होगा। हम अधिक खेल स्पर्धाओं में भाग लेंगे। पिछली बार हमने नौ खेलों में भाग लिया था, इस बार हम 12 खेलों में भाग ले रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। हमें वहां पदक संख्या बढ़ने की अधिक संभावना दिखती है।''

## ओलंपिक से पहले भारत को बड़ा झटका, दावेदार डीपी मनु डोपिंग मामले में निलंबित

एजेंसी

**पंचकुला।** ओलंपिक क्वालिफिकेशन के दावेदार माने जा रहे भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने प्रतिबंधित स्टेरॉयड के सेवन के आरोप में अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि मनु का पॉजीटिव टेस्ट इस साल अप्रैल में इंडियन ग्रां प्री के दौरान लिया गया था। इससे पहले उन्हें नाडा के निर्देश पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने प्रतिस्पर्धाओं से परे रहने के लिये कहा था। एशियाई चैम्पियनशिप 2023 में रजत पदक जीतने वाले 24 साल के इस खिलाड़ी का विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से ओलंपिक क्वालीफिकेशन लगभग निश्चित था। इस मामले के सामने आने के बाद हालांकि उनका पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होना लगभग तय है। वह यहां गुरुवार से शुरू हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप के लिए शुरुआती प्रवेश सूची में थे। लेकिन बाद में जारी की गयी सूची से उनका नाम हटा दिया गया। एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि नाडा ने महासंघ से मनु को प्रतियोगिताओं से रोकने के लिए कहा है लेकिन उन्होंने इसकी पुष्टि नहीं की कि एथलीट ने डोपिंग अपराध किया है या नहीं।

## फाइनल जीतने के लिए हमें दक्षिण अफ्रीका को चोक कराना होगा : कीर्ति आजाद

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने आईसीसी फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से पुरुष टी20 विश्व कप के लिए मुकाबला करना है। भारत इसी के साथ 13 साल के आईसीसी ट्रॉफी न जीत पाने के सूखे को दूर करने की उम्मीद कर रहा है। वहीं, दक्षिण द्यअफ्रीका भी 28 सालों में पहला पहला विश्व कप जीतने की आस में है। कई लोगों को लगता है कि दक्षिण अफ्रीका की टीम विश्व कप में चौकर्स के टैग के कारण फाइनल में परेशान हो सकती है। ठीक ऐसा ही टैग भारतीय टीम के नाम पर भी है जब वह आईसीसी इवेंट्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलती है। फिलहाल टी20 विश्व कप फाइनल कौन जीतेगा, संबंधी सवाल पर 1983 विश्व कप विजेता ऑलराउंडर कीर्ति आजाद ने अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के बारे में बात करना बहुत मुश्किल है क्योंकि यह पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। उन्हें 'चोकर्स' भी कहा जाता था क्योंकि सेमीफाइनल में उनका दम घुटने लगता था, इसलिए यह अनुमान लगाना मुश्किल होगा कि वे फाइनल में कैसा प्रदर्शन करेंगे। लेकिन हां, वे जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और भारत को सावधान रहना होगा कि वह बहुत अधिक आत्मसंतुष्ट न हो जाए और हम खेल को खत्म न कर दें। उम्मीद यही रहेगी कि हम अच्छा स्कोर बनाएं।

## दक्षिण अफ्रीका को हराना मुश्किल होगा- टी20 विश्व कप फाइनल पर रिकी पोंटिंग की दो टूक

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना ??है कि दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ फाइनल में कुछ खास करने की जरूरत नहीं है। भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों टूर्नामेंट में अब तक अजेय रहने के साथ फाइनल में उतरेंगे। दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में अपने ऐतिहासिक सफर में सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराया, जबकि भारत ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन इंग्लैंड को हराकर 2011 के बाद अपना पहला विश्व कप खिताब जीता। एडेन मार्कराम की अगुवाई वाली टीम अपना पहला विश्व कप फाइनल खेलेगी और पोंटिंग को लगता है कि यह प्रोटियाज खिलाड़ियों के लिए एक बहुत बड़ा अवसर है। पोंटिंग ने कहा कि बहुत-सी टीमें कहती हैं यह सिर्फ एक और खेल है और वे इस अवसर से बचने की कोशिश करती हैं कि यह कितना बड़ा अवसर है। यह सब इसे वैसे ही स्वीकार करने के बारे में है जैसा यह है।

# विंबलडन: गत चैम्पियन अल्कराज क्वालीफायर मार्क लाजल के खिलाफ करेंगे अभियान की शुरुआत

एजेंसी

**लंदन।** गत चैम्पियन स्पेन के कार्लोस अल्कराज विंबलडन में एस्टोनिया के क्वालीफायर मार्क लाजल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम के लिए ड्रॉ की घोषणा की गई।

21 वर्षीय अल्कराज ने पिछले साल फाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच को पाँच सेटों के संघर्ष में हराकर खिताब जीता था। इस साल, वे पहली बार फ्रेंच ओपन में जीत हासिल कर एक और बड़ी ट्रॉफी के साथ ऑल इंग्लैंड क्लब पहुँचे।

दूसरी तरफ लाजल को अभी तक ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रॉ का कोई अनुभव नहीं है, उन्होंने तीसरे क्वालिफ़िकेशन राउंड में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ को हराकर टूर्नामेंट में प्रवेश किया है।24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच का सामना पहले दौर में चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा से होगा, जबकि इटली के



विश्व नंबर 1 जननिक सिनर का सामना जर्मन दिग्गज यानिक हनफमैन से होगा। 32वें वरीयता प्राप्त चीन के झांग झिझेन का पहले दौर में फ्रांसीसी क्वालीफायर मैक्सिम जांवियर से मुकाबला होगा, जबकि उनके हमवतन शांग जुनचेंग का सामना चिली के पूर्व विश्व शीर्ष 20 खिलाड़ी क्रिस्टियन गारिन से होगा।

महिला एकल में, पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और विश्व की नंबर 1 पोलैंड की इगा स्विएटेक को अपने पहले मैच में पूर्व ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सोफिया केनिन से कड़ी चुनौती मिल सकती है। गत चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा की पहली प्रतिद्वंद्वी स्पेन की जेसिका मानेरो हैं, जबकि दो बार की उपविजेता ट्यूनीशिया की ओन्स जबूर को जापान की मोयुका उचिजिमा से खेलना है। चीन की आठवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन का सामना न्यूजीलैंड की क्वालीफायर लुलु सन से होगा। विंबलडन में झेंग का सर्वश्रेष्ठ परिणाम 2022 में तीसरे दौर में समाप्त होना था। 2022 में पेशेवर बनने के बाद से चीनी खिलाड़ी ने तेजी से प्रगति की है, वह पिछले साल के यूएस ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने से पहले इस साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंची थीं।

## ओलंपिक जाने वाली रिले धाविका किरण पहल ने स्वर्ण जीता, 50.92 सेकंड का समय निकाला

एजेंसी



**नई दिल्ली।** ओलंपिक जा रही हरियाणा की किरण पहल ने राष्ट्रीय अंतर प्रांत एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में 50.92 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीत लिया। किरण ने 50.95 सेकंड का ओलंपिक क्वालिफाइंग मार्क दूसरी बार पार किया। हरियाणा की दीपांशी ने रजत और आंध्र प्रदेश की ज्योतिका श्री दंडा ने कांस्य पदक जीता। ज्योतिका भी पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की सदस्य है। मध्यम दूरी के धावक परवाज खान ने 1500 मीटर में तीन मिनट 42.95 सेकंड के साथ स्वर्ण जीता। पंजाब के गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मीटर में 10.32 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता। ओडिशा के अनिमेष कुजुर को रजत और असम के अमलान बोरगोहेन को कांस्य पदक मिला। महिला वर्ग में कर्नाटक की एस एस स्नेहा विजयी रहीं। महिलाओं के 1500 मीटर वर्ग में के एम दीक्षा तीसरे स्थान पर रही, जबकि पश्चिम बंगाल की लिली दास ने जीत दर्ज की। दिल्ली की चंदा दूसरे स्थान पर रही। पुरूषों के 400 मीटर फाइनल में मोहम्मद अनस ने फोटो फिनिश में मुहम्मद अजमल को हराया।

# अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप : गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मीटर रेस में जीता स्वर्ण

एजेंसी

**पंचकुला।** धावक गुरिंदरवीर सिंह 63वीं अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन 100 मीटर की दौड़ 10.32 सेकंड में पूरी कर भारतीय ट्रैक पर सबसे तेज धावक बनकर उभरे।

गुरिंदरवीर ने रेस के बाद कहा, पिछले दो सालों में बहुत से लोगों ने कहा था कि मैं अब दौड़ से बाहर हो चुका हूँ, मैं 10.50 सेकंड से कम समय में दौड़ नहीं पाऊँगा, मुझमें अब कुछ भी नहीं बचा है। यह जश्न बाकी धावकों के लिए नहीं बल्कि उन लोगों के लिए था जो संदेह कर रहे थे।

मैदान में मौजूद अन्य धावकों में इस समय देश के दो सबसे तेज धावक - अनिमेष कुजूर और अमलान बोरगोहेन शामिल थे और इस जोड़ी ने इस इवेंट में शीर्ष तीन में जगह बनाई। गुरिंदरवीर ने कहा, मैं पिछले कुछ समय से जालंधर में अकेले ही ट्रेनिंग कर रहा हूं। मेरे पास कोच सरबजीत सिंह हैप्पी हैं, लेकिन कोई ट्रेनिंग पार्टनर नहीं है। इस तरह की प्रतियोगिता अच्छी होती है क्योंकि यह आपको बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है, लेकिन ट्रेनिंग में ऐसे प्रतियोगियों का होना और भी महत्वपूर्ण है। यही वास्तव में बेहतर होने में मदद करता है और मुझे अभी इसी की जरूरत है। हालांकि यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था, 2021 में बनाए गए उनके अपने मीट रिकॉर्ड (10.27 सेकंड, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ भी है) के



करीब भी नहीं था, लेकिन 23 वर्षीय खिलाड़ी निराश नहीं थे। उन्हें लगता है कि उनके लिए फॉर्म में वापस आना बस समय की बात है।

400 मीटर में मोहम्मद अनस याहिया और मोहम्मद अजमल दोनों ने 45.93 सेकंड का समय लिया, अनस 45.926 सेकंड से आगे रहे जबकि अजमल 45.939 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

हरियाणा के मोहित कुमार ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए 46.15 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए राष्ट्रीय रिले टीम के अन्य सदस्यों अमोज जैकब, मिजो कुरियन और नोआह निर्मल टॉम से आगे तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं में स्नेहा एसएस ने 100 मीटर दौड़ जीती, जबकि किरण पहल ने एक और शानदार दौड़ लगाई और गुरुवार के 50.92 सेकंड के समय की बराबरी करते हुए आरामदायक अंतर से जीत हासिल की।

पुरुषों की लंबी कूद में जेसविन एल्ड्रिन का खराब प्रदर्शन जारी रहा, वे अपने अंतिम प्रयास में 7.32 मीटर ही दूरी तय कर पाए और क्वालीफाइंग राउंड में 8वें स्थान पर रहे। मध्य प्रदेश के कृष्णा शर्मा ने 7.60 मीटर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। तजिंदरपाल सिंह तूर की अनुपस्थिति में उत्तराखंड के अनिकेत क्वालीफाइंग राउंड में 17.56 मीटर थ्रो के साथ सर्वश्रेष्ठ शॉट-पुटर रहे।

# यूएई के बल्लेबाज मोहम्मद उस्मान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूएई के बल्लेबाज मोहम्मद उस्मान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। लाहौर में जन्मे मध्यक्रम के बल्लेबाज ने छह वर्षों में 85 अंतरराष्ट्रीय मैचों (38 वनडे और 47 टी20) में यूएई का प्रतिनिधित्व किया।

उस्मान ने फरवरी 2016 में नीदरलैंड के खिलाफ़ अपना टी20 डेब्यू किया और उसके कुछ महीने बाद स्कॉटलैंड के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया। कुल मिलाकर, उन्होंने 38 वनडे में 31.50 की औसत से 1008 रन बनाए, जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं, जबकि 47 टी20 में उन्होंने तीन अर्द्धशतकों के साथ 891 रन बनाए। वह 2016 में एशिया कप टीम का भी हिस्सा थे, जहाँ उन्होंने सात मैचों में 176 रन बनाए और यूएई के शीर्ष स्कोरर रहे।

उस्मान का जन्म लाहौर में हुआ था और उन्होंने पाँच प्रथम श्रेणी और 58 लिस्ट-ए मैच खेले हैं। उनके 1517 लिस्ट-ए रन 34.47 की औसत से आए और इसमें नौ अर्द्धशतक और एक शतक शामिल है। उन्होंने आखिरी बार फरवरी 2022 में ओमान और नेपाल के खिलाफ क्रमशः एकदिवसीय और टी20 मैच खेला था। 38 वर्षीय खिलाड़ी ने आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि रिटायरमेंट के बाद भी वह क्रिकेट का हिस्सा बने रहेंगे।प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से



उस्मान के हवाले से कहा गया, यूएई क्रिकेट टीम और क्रिकेट बोर्ड के साथ यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं अपने साथी खिलाड़ियों, कोचों और अन्य सहयोगी कर्मचारियों सहित मेरी यात्रा में भूमिका निभाने वाले सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूँ। मैं खुद को धन्य और गौरवान्वित महसूस करता हूँ कि मुझे 85 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए यूएई का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला।वमैं अपने जीवन के अगले अध्याय का इंतजार कर रहा हूँ क्योंकि मैं खेल से जुड़ा रहना चाहता हूँ। मैं यूएई टीम और खिलाड़ियों को देश में खेल के लिए बहुत ही रोमांचक समय में शुभकामनाएँ देता हूँ।

## सुमित नागल को विंबलडन में मिला कड़ा ड्रॉ, पहले दौर में इस खिलाड़ी से होगा सामना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन में मुश्किल ड्रॉ मिला है। नागल पहली बार इस टूर्नामेंट के पुरुष सिंगल्स वर्ग के मुख्य ड्रॉ में खेल रहे हैं। नागल का पहले दौर में सामना सर्बिया के मियोमिर केसमानोविच से होगा। दुनिया के 72वें नंबर के खिलाड़ी नागल की राह कठिन होगी क्योंकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के जानिक सिनर भी इसी ड्रॉ में हैं और तीसरे दौर में उनसे टक्कर हो सकती है। नागल के लिए पहले दौर की बाधा पार करना भी आसान नहीं होगा क्योंकि उनका सामना रैंकिंग में अपने से 20 पायदान ऊंचे खिलाड़ी से है। वह नागल को चार साल पहले जर्मनी के कोलोन में हरा चुके हैं। नागल अगर पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा और नीदरलैंड के टालोन ग्रीक्सपूर के बीच होने वाले मैच के विजेता से टक्कर हो सकती है। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके नागल 2018 में पुरुष सिंगल्स के पहले दौर के क्वालिफायर में पोलैंड के कामिल एम से हार गए थे। नागल ने इस साल आस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश करके पहले दौर में 31वीं वरीयता प्राप्त कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी। उन्होंने चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर जीतकर रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई। पुरुष डबल्स में भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन का सामना फ्रांस के एड्रियन मानारिनो और जियोवान्नि एम पेरिकार्ड से होगा।

# 63वीं राष्ट्रीय इंटर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मप्र के सुनील डाबर ने जीता रजत पदक

एजेंसी

**भोपाल।** हरियाणा के पंचकुला शहर में 27 से 30 जून 2024 तक 63वीं राष्ट्रीय इंटर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मप्र खेल अकादमी के खिलाड़ी सुनील डाबर ने 5000 मीटर रन स्पर्धा में 14 मिनट 02.75 सेकंड का समय लेकर रजत पदक अपने नाम किया। 63वीं राष्ट्रीय इंटर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में हुई 5000



मीटर रन स्पर्धा में स्वर्ण पदक उत्तरप्रदेश के खिलाड़ी गुलवीर सिंह ने 13 मिनट 34.67 सेकंड समय लेकर और कांस्य पदक हरियाणा के खिलाड़ी गगन सिंह ने 14 मिनट 05.66 सेकंड का समय लेकर प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि एथेलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ी सुनील डाबर खेलो इण्डिया यूथ गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ी है। सुनील डाबर की इस उपलब्धि पर खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये बधाई दी है।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप : उत्तर प्रदेश ने जीते तीन स्वर्ण, दो स्वर्ण के साथ पंजाब दूसरे नम्बर पर

एजेंसी

**लखनऊ।** अनन्या यादव, निक्स राजवंशी, मोहक श्रीवास्तव ने ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 41वीं नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप और 27वीं नेशनल पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप के पहले दिन मेजबान उत्तर प्रदेश के लिए स्वर्णिम सफलता हासिल की। पहले दिन खेले गए बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबलों में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने पहले दिन तीन स्वर्ण व एक रजत पदक जीते। दूसरी ओर पंजाब की चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने



किया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर ताइक्वांडो में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 40 खिलाड़ियों व विभूतियों को हॉल ऑफ फेम इंडिया-2024 अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि आज के समय में खेलो का महत्व बहुत बढ़ गया है। खेलो के माध्यम से खिलाड़ी का सर्वांगीण विकास होता है। उद्घाटन समारोह के दौरान भारत में ताइक्वांडो के संस्थापक ग्रैंड मास्टर जिम्मी आर जगतियानी (महासचिव ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने जानकारी दी कि 27वी नेशनल पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप के स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं का चयन भारतीय ताइक्वांडो टीम में किया जाएगा। भारतीय टीम हांगकांग में आगामी 23 से 27 नवंबर तक वर्ल्ड ताइक्वांडो पूमसे चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी।

आयोजन समिति के चेयरमैन एमएलसी पवन सिंह चौहान ने बताया कि चैंपियनशिप में प्रतियोगिता में पूरे देश के 700 से अधिक खिलाड़ी और ऑफिशियल प्रतिभाग कर रहे हैं। इस मैच में मेजबान उत्तर प्रदेश सहित असम, आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमांचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, पंजाब, तमिलनाडु, पश्चिम की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

संरक्षक: संजय शुक्ला, (सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक:

उपसंपादक: राकेश द्विवेदी

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी,

सहायक संपादक: रिजवान सैफ खान,

सह संपादक: राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

# पैरा तीरंदाजी रैंकिंग सीरीज: भारत ने चार पदकों के साथ की अभियान की शुरुआत, शीतल-सरिता की जोड़ी ने जीता स्वर्ण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की शीतल देवी और सरिता ने ग्रेट ब्रिटेन की जोडी ग्रिनहम और फोबे पैटरसन पाइन को हराकर चेक गणराज्य में चल रहे पैरा तीरंदाजी रैंकिंग श्रृंखला में महिला कंपाउंड टीम का स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय जोड़ी ने संभावित 160 में से 157 अंक बनाए और ब्रिटिश जोड़ी को हराया। भारत ने जर्मनी के खिलाफ महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में भी 6-2 से स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों की कंपाउंड टीम के फाइनल में राकेश कुमार-श्याम सुंदर स्वामी ईरान के अलीसिना मनशाएजादेह-हादी नोरी से 149-156 से हार गए और रजत पदक जीता।

भारतीय पुरुष रिकर्व टीम सेमीफाइनल में हार गई, लेकिन ईरान के खिलाफ 5-4 से कांस्य जीतने में सफल रही। शीतल को इस साल की



शुरुआत में हांग्जो एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ की रहने वाली 16 वर्षीय सरिता फोकोमेलिया नामक बीमारी से पीड़ित है, जो एक ऐसी बीमारी है जिसमें अंग विकसित नहीं होते। बिना हाथों के उसने पैरों से धनुष-बाण चलाना सीखा और दो साल पहले ही तीरंदाजी का पूर्णकालिक प्रशिक्षण शुरू किया।

दूसरी ओर, सरिता ने पैरा एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप के महिला कंपाउंड तीरंदाजी ओपन सेक्शन में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कांस्य पदक के लिए अखिल भारतीय प्ले-ऑफ में हमवतन ज्योति बालियान को 139-135 से हराया। उन्होंने शीतल देवी के साथ टीम स्पर्धा में रजत पदक भी जीता, जिनसे वह व्यक्तिगत स्पर्धा के सेमीफाइनल में हार गई थीं।

दोनों भारतीय महिलाएँ फाइनल में जगह बनाने में विफल रहीं और कांस्य पदक के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी। राकेश भी स्वर्ण पदक के लिए आगे नहीं बढ़ पाए, लेकिन पोडियम पर जगह बनाने के लिए उनका सामना फ्रांस के थिएरी जौसौमे से होगा।

# भारत ने 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप जीता, रोहित की टीम ने साउथ अफ्रीका को 7 रन से हराया

**बारबाडोस**

**इंडिया में** आधी रात दिवाली मनी। रोहित शर्मा की टीम ने वो सपना पूरा कर दिया, जिसका 17 साल से पूरा होने का इंतजार था। साउथ अफ्रीका 177 का टारगेट आसानी से पूरा कर रही थी। लेकिन, गेंदबाजों को ये मंजूर नहीं था। साउथ अफ्रीका के हाथों से जीत छीन ली। टी-20 वर्ल्ड कप इंडिया का है। जीत का हीरो कोई एक नहीं पूरी इंडियन टीम है। सूर्यकुमार का वो कैच तो शायद दशकों तक याद रखा जाएगा, जिसकी बदौलत मिलर पवेलियन लौटे। टीम इंडिया ने 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। टीम ने 2007 में पहला वर्ल्ड कप जीता था। इसी के साथ भारतीय टीम ने आईसीसी ट्रॉफी के 11 साल के सूखे को खत्म कर दिया। भारत ने आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में जीता था। बारबडोस से स्टेडियम में इंडिया ने पहले बैटिंग चुनी थी। पावरप्ले में रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार के विकेट गिर गए थे। कोहली ने 76 और अक्षर पटेल ने 47 रन की पारी खेली। शिवम दुबे ने तेज रफ्तार से 27 रन बनाकर स्कोर 176 तक पहुंचाया। साउथ अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज और एनरिक नॉर्त्या ने 2-2 विकेट लिए। कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने एक-एक विकेट लिया। रन चेज में साउथ अफ्रीकी टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 169 रन बना सकी। हार्दिक पंड्या ने 3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह ने 2-2 विकेट लिए। हेनरिक क्लासन ने 27 बॉल पर 52 रन बनाए, जबकि डी कॉक ने 31 बॉल पर 39 रन की पारी खेली। ट्रिस्टन स्टब्स ने 21 बॉल पर 31 और मिलर ने 17 बॉल पर 21 रन का योगदान दिया।

**बुमराह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट : 15 विकेट लिए**

जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने इस वर्ल्ड कप में 15 विकेट झटके।

**कोहली प्लेयर ऑफ द फाइनल: 76 रन बनाए**

विराट कोहली प्लेयर ऑफ द फाइनल चुने गए। उन्होंने 59 बॉल पर 76 रन की पारी खेली।

**इससे बेहतरीन क्षण कुछ और नहीं हो सकता- जसप्रीत बुमराह**

यह काफी अहम क्षण है। मेरा परिवार यहां है। इससे बेहतरीन क्षण कुछ और नहीं हो सकता। इस पूरे टूर्नामेंट में मैंने गेंद के हिसाब से बॉलिंग करने का प्रयास किया। इस ट्रॉफी को जीतने के लिए हमने कड़ी मेहनत की है। (18वें ओवर पर), गेंद रिवर्स स्विंग हो रही थी और मैं लेंथ पर ही गेंद डालने का प्रयास कर रहा था।

**भारत के लिए यह मेरा आखिरी टी-20 मैच था- विराट कोहली**

यह मेरा अंतिम टी-20 वर्ल्ड कप था और हम इसे जीतना चाहते थे। यह भारत के लिए मेरा आखिरी टी20 मैच था। मुझे लगता है कि यह संन्यास लेने का सही समय है और अब समय आ गया है कि नई पीढ़ी इस विरासत को आगे लेकर जाए। यह एक ओपन सीक्रेट था। यह रोहित का 9वां विश्व कप था, जबकि मेरा छठा ळ20 वर्ल्ड कप था। मैं पिछले कुछ मैचों में अच्छा नहीं कर रहा था। इस समय मेरे अंदर की भावनाएं बाहर नहीं आ पाएंगी।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169 । इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी

## डीएम ने नगर पालिका परिषद,भरवारी में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी** । डीएम मधुसूदन हुल्गी ने आज नगर पालिका परिषद,भरवारी में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया,जिसमें संरक्षित गोवंश संख्या की 326 थी। उन्होंने एक शेड अलग से बनवाने के निर्देश दिये । उन्होंने पल्हाना घाट का निरीक्षण कर वंदन योजना के तहत सौन्दर्गीकरण के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को जल्द से जल्द शुरू कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने वार्ड नम्बर 25 में 125 मीटर इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का चल रहे कार्यो का निरीक्षण कर नालियो को शत-प्रतिशत कवर्ड किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड न0 14 में बन रहे नगर पालिका परिषद भरवारी कार्यालय भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य अक्टूबर 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

## चार गांजा तस्कर गिरफ्तार , 70 लाख की गांजा बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर** । पुलिस अधीक्षक धवल जयसवाल के निर्देशन में अवैध द्रव्य/ मादक पदार्थों के परिवहन/निष्कर्षण के विरुद्ध चलाए जा रहा है अभियान के क्रम में शनिवार को थाना तरया सुजान पुलिस द्वारा अभियुक्तगण अजय कुमार यादव पुत्र जयप्रकाश यादव सा0 दहवा थाना धनहा जिला पश्चिमी चम्पारण बिहार . प्रभुराम पुत्र बच्चा राम सा0 गुलहरिया थाना धनहा जिला पश्चिमी चम्पारण बिहार . गिरजा पत्नी सुरेन्द्र राम नि0 नौगहवा थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर .शानकेसी देवी पत्नी विश्राम नि0 नौगहवा थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 04 बैग मे कुल 20 किलो 554 ग्राम अवैध गांजा की बरामदगी की गयी।

## पुलिस मुठभेड़ में एक पशु तस्कर घायल व दो अन्य गिरफ्तार, 5 गोवंश पशु, तमंचा कारतूस बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर**। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में गोवंशीय पशुओं की तस्करी के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हाटा मय पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान गोरखपुर की तरफ से आती हुए महिन्द्रा पिकप दिखाई दी जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उसमें सवार अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से गोली चलायी गयी जवाबी प्रतिरक्षा में एक अभियुक्त शराफत अली पुत्र सुभान अली सा0 मुजहना रहीम थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर घायल हो गया जिनको गिरफ्तार कर लिया गया तथा इसके दो अन्य साथी 1.शेबू आलम पुत्र नसरूद्दीन मियां सा0 धरमचक थाना उचका गाँव जनपद गोपालगंज बिहार . कहार शेख पुत्र हकीक शेख सा0 भेडिहारी थाना पुरषोत्तमपुर जनपद बेतिया पश्चिमी चम्पारण बिहार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी। अभियुक्तों के कब्जे/मौके से एक अदद महेन्द्रा पिकप जिसमे क्रूरता पूर्वक बंधे 05 राशि गोवंशीय पशु जिसमें 01 मृत अवस्था में मिला, व गोवंश को काटने हेतु एक अदद लकडी का ठीहा, एक अदद रस्सी, एक अदद धारदार ठोस लोहे का बांका, 03 अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व 08 अदद नाजायज जिन्दा कारतूस 315 बोर, 04 अदद फायरशुदा खोखा कारतूस 315 बोर व अपराध में प्रयुक्त 03 अदद मोबाईल फोन जिसमें 02 एण्ड्रायड व 01 अदद कीपैड फोन भिन्न भिन्न कम्पनी व नगद रूपया 5000/ (अपराध से सम्बन्धित), की बरामदगी की गयी।

## 5 बजे पीस कमेटी की बैठक 4:35 बजे सूचना डाली गई



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर**- थाना फूलपुर परिसर में आगामी त्योहार मोहर्रम के मद्देनजर शनिवार को पीस कमेटी की बैठक की सूचना पुलिस मीडिया ग्रुप में 4:35 बजे डाली गई की 5 बजे से बैठक है। इन दिनों गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाया जा रहा है। पूर्व में एक-दो दिन पूर्व बैठक की सूचना की जाती थी ताकि लोग समय निकालकर मीटिंग में पहुंचे। दिन का दूसरा पहर पत्रकारों के लिए पीक आवर होता है। जिसमें समाचार संकलन का कार्य किया जाता है हास्या स्पद है कि 4:35 पर सूचना पाकर 5 बजे आदमी सब कुछ छोड़कर दौड़ता हुआ जाए, ऐसा पूर्व में कभी नहीं होता था। बैठक में फूलपुर नगर पंचायत अध्यक्ष अमरनाथ यादव,थाना प्रभारी फूलपुर दीनदयाल सिंह ,नायब तहसीलदार सहित कुछ लोग बैठक में उपस्थित रहकर बिजली पानी और साफ सफाई पर चर्चा किए।

# हंडिया पुलिस ने शांति भंग में 7 लोगों को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया प्रयागराज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हण्डिया बृजकिशोर गौतम के निर्देशन में थाना हण्डिया पुलिस टीम शनिवार शान्ति/कानून व्यवस्था भंग करने के दृष्टिगत 04 व्यक्तियो का अन्तर्गत धारा 151/107/116 द०प्र०स० में चालान कर आवश्यक विधिक




कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार व्यक्तियो का विवरण**

रामचन्द्र यादव पुत्र स्व० रामनाथ यादव निवासी ग्राम मुगराँव . सूर्यबली यादव पुत्र अर्जुन यादव निवासी ग्राम मुगराँव . शिवराम यादव पुत्र सूर्यबली यादव निवासी ग्राम मुगराँव थाना हण्डिया . कृष्ण देव पुत्र लाल बहादुर यादव निवासी ग्राम मुगराँव थाना हण्डिया . रईस पुत्र बरकतउल्ला निवासी ग्राम बींदा सैदाबाद . सत्येन्द्र कुमार पुत्र दिनेश कुमार निवासी ग्राम बिगहिया. शैलेन्द्र पाण्डेय पुत्र दिनेशचन्द्र पाण्डेय निवासी ग्राम बिगहिया थाना हंडिया जनपद प्रयागराज ।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम**

प्रभारी निरीक्षक श्री बृजकिशोर गौतम थाना हण्डिया. उपनिरीक्षक गोविन्द राम तैनाती . उ0नि0 एस०एम० कासिम . उ0नि0 प्रशि० उपेन्द्र गौड़ तैनाती थाना हण्डिया कमि० प्रयागराज ।

# रात में बालक और बालिकाओं को ना रखा जाए थाने में- सतीश चंद्र

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज**। पुलिस आयुक्त तरुण गाबा के निर्देशन में अपर पुलिस उपायुक्त अपराध सतीश चन्द्र की अध्यक्षता में किशोर न्याय( बालकों की देखरेख एवं संरक्षण)अधि0 2015/आदर्श नियम 2016 एवं सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधि0 2003 (कोटपा एक्ट) से सम्बन्धित कार्यशाला आयोजन किया गया । कार्यशाला में अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, बाल संरक्षण अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से डॉ0 शैलेश कुमार मौर्य, चाइल्ड लाइन, एसजेपीयू, एएचटीयू एवं कमिश्नरेट/जी0आर0पी0/आर0पी0एफ0 के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी मौजूद रहे । कायार्शाला के दौरान निम्न बिन्दुओं पर विचार-विमर्श कर सम्बन्धित दिशा-निर्देश दिये गये।




अपर पुलिस उपायुक्त,अपराध द्वारा बताया गया कि बालक और बालिकाओं को रात्रि में थानों पर न रखा जाये ,रात्रि में बालक और बालिकाओं को थाने में रखना किशोर न्याय(बालकों की देखरेख एवं संरक्षण)अधि0 2015 की धारा 8 (3)(आई) के विरुद्ध है । पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत किसी भी बच्चे को थाने में रखा जाना विधि विरुद्ध है । यदि रात्रि में कोई बच्चा पुलिस को मिलता है तो प्रारूप झ 42 (किशोर न्याय अधिनियम) भरकर उसे आश्रय गृहों में रखा जाये और जिन जनपदों में आश्रय गृह उपलब्ध नहीं है, वहां पर वन स्टाप सेन्टर में रखा जाये।

2-बाल भिक्षावृत्ति, बच्चों की गुमशुदगी / अपहरण से सम्बन्धित विगत वर्षों की घटनाओं व प्रभावित क्षेत्रों का सम्यक विश्लेशण करते हुए हाट स्पाट चिन्हित कर विधिक कार्यवाही हेतु बताया गया ।

3-अध्यक्ष बाल कल्याण समिति प्रयागराज द्वारा बताया गया कि देखरेख एवं संरक्षण वाले बच्चों तथा कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों के मामलों में पुलिस द्वारा उसके आयु का प्रमाण पत्र होते हुए भी बिना बोर्ड व समिति के आदेश के आयु की जांच के लिये मेडिकल कराया जाना किशोर न्याय अधि0 2015 की धारा 94 के विरुद्ध है।

4-सुश्री नाजिया नफीस, संचालक अल कौसर सोसाइटी (एनजीओ) द्वारा पॉक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से बताया गया ।

5-मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से डॉ0 शैलेश कुमार मौर्य द्वारा बताया गया कि सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य,उत्पादन,प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 (उडळढअ अउळ 2003) की धारा 4 तथा 5 के बारे में बताया गया । साथ ही यह भी बताया गया कि अगर कोई व्यक्ति किसी बच्चे को धूम्रपान करने को देता है या बिक्री करवाता है तो यह किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण ) अधि0 2015 की धारा 77, 78 में अपराध है ऐसा करने वाले को 07 वर्ष तक का कारावास व रुपये 1 लाख के जुमार्ने से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

6-प्रभारी एसजेपीयू( स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट) द्वारा किशोर न्याय अधि0 2015 के बारे में उपस्थित बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को विस्तार पूर्वक बताया गया ।

# डीएम ने मेधावी छात्र-छात्राओं को रू0-एक लाख का चेक, टैबलेट, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

**स्वाती मिश्रा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी**। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन, लखनऊ में बेसिक/माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए ड्रेस, जूता, मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग क्रय करने के लिए प्रति छात्र-छात्रा रू0-1200 की धनराशि अभिभावको के बैंक खातें में डी0बी0टी0 के माध्यम से हस्तान्तरित किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बेसिक की छात्र-छात्राओं को पाठ्य-पुस्तक का वितरण, निपुण विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सम्मानित तथा वर्ष-2024 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को रू0-एक लाख का चेक, टैबलेट, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया, इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष-2024 में राज्य स्तरीय/जनपद स्तरीय टॉप-10 सूची में सम्मिलित मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में किया गया तथा उपस्थित मेधावी छात्र-छात्राओं ने मा0 मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना।




अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर एवं जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा हाईस्कूल की परीक्षा में राज्य स्तर पर टॉप-10 मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाली धर्मा देवी इंटर कॉलेज की छात्रा-प्रियांशी मौर्या एवं छात्र शिवम यादव तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा में राज्य स्तर पर टॉप-10 मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले गंगा प्रसाद साहू इं0का0 के छात्र-शुभम, रियाज इं0का0 की छात्रा-सलोनी सिंह एवं धर्मा देवी इं0का0 की छात्रा श्वेता राजपूत को रू0-एक लाख का चेक, टैबलेट, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अध्यक्ष जिला पंचायत एवं जिलाधिकारी द्वारा हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद स्तर पर टॉप-10 मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाली धर्मा देवी इं0का0 की छात्रा-नैन्सी यादव, अंजली देवी, रश्मि यादव, साहिबा नूर, वंदना देवी, तान्या सिंह एवं छात्र-सिद्धार्थ सिंह व अनूप मौर्य तथा बिठ्ठल भाई पटेल शिक्षा सदन इं0का0 के छात्र-अभिषेक कुमार को रू0-21 हजार का चेक, टैबलेट, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट की परीक्षा में जनपद स्तर पर टॉप-10 मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले धर्मा देवी इं0का0 के छात्र-आर्यन पाण्डेय, तेज प्रताप, सचिन कुमार व पुष्पेन्द्र कुमार एवं हूबलाल इं0का0 की छात्रा अंशिका, श्रीमती सुशीला देवी रामसजीवन सिंह इं0का0 की छात्रा खुशबू यादव, छत्रपति साहू जी महाराज इं0का0 की छात्रा प्रियांशी तथा यू0एस0 इं0का0 के छात्र अमन कुमार को रू0-21 हजार का चेक, टैबलेट, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अध्यक्ष जिला पंचायत ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सबके जीवन में शिक्षा की बहुत अहमियत है। शिक्षा से ही हमें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों का पता चलता हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग इसी प्रकार आगे भी मेहनत से पढ़ाई कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें एवं अपने परिवार व जनपद का नाम रोशन करें। उन्होंने छात्र-छात्राओ को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकॉमनायें देते हुए ईश्वर से उज्जवल भविष्य की कॉमना की।

जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए उनके जिज्ञासाओं का समाधान किया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा यू0पी0एस0सी0 की तैयारी एवं परीक्षा में फेल होने के बाद तनाव में न आयें, इसके लिए क्या करें के प्रशन पर कहा कि आप लोग स्नातक की पढ़ाई इसी परिश्रम के साथ पूरी करें। इस दौरान आप लोग समाचार-पत्रों को पढें, इससे आपका माइण्ड सेट बना रहेंगा। ऐसी कोई परीक्षा नहीं, जिसे निरन्तर प्रयास एवं परिश्रम से क्रैक न किया जा सकें। उन्होंने कहा कि परीक्षा में अगर फेल हों जाये तो तनाव नहीं लेना चाहिए, बल्कि निरन्तर परिश्रम करते रहना चाहिए। दृढ़ इच्छा बनायें रखें, पूर्ण समर्पण के साथ तैयारी करें, लक्ष्य जरूर प्राप्त होंगा। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि आप लोग इसी प्रकार आगे भी परिश्रम के साथ पढ़ाई करते रहें, कोई भी परीक्षा असम्भव नहीं हैं। उन्होंने अध्यापको से कहा कि छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करतें रहें एवं निरन्तर मोटिवेट भी करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं प्राचार्य डायट भारती त्रिपाठी उपस्थित रहीं।

# सब्जियों के दाम आसमान छूने

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर**। नई सरकार के गठन होते ही गरीबों का निवाला सब्जी विशेषतया आलू 40 रुपए किलो तक पहुंच गया। वहीं प्याज लहसुन अदरक भी सरपट भाग रहे हैं। रोजमर्रा के इस्तेमाल की भिंडी 60 रुपया, नेनुआ तीस रुपया, कोहड़ा तीस रुपया किलो के भाव बाजार में बिक रहा है। टमाटर। 50 रुपए किलो तक मंडी से लेकर गांव की



बाजार तक बिक रहा है ऐसे में गरीबों के थाली से सब्जियां गायब होती जा रही है तो अरहर की दाल 180 रुपए किलो बिक रही है मनरेगा मजदूरी 10से 20रुपए बढ़ाई जाती है सरकारी तंत्र का कोई नियंत्रण नहीं दिख रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की बाजारों में भी महंगाई के साथ-साथ फुटकर विक्रेता मनमाना दाम वसूल रहे हैं । फूलपुर क्षेत्र की मैलहन मुबारकपुर कोडापुर कोनार आदि बाजारों में सब्जी का भाव आसमान छू रहा है। ऐसे में गरीब अपना भरपेट भोजन तक नहीं कर पा रहा है 5 किलो राशन देकर सरकार बा हबाही लूट रही है कुल मिलाकर महंगाई पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रह गया है जनता भाजपा की सरकार बना कर अब पश्चाताप कर रही है लोगो का कहना है की प्रदेश के चुनाव में इनको करारा जवाब जरूर मिलेगा।

## आम तोड़ते समय पेड़ से गिरकर युवक की मौत, घर के समीप आम के बाग का करता था देखभाल

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज** । घर के पास बाग में आम तोड़ते समय पेड़ से फिसल कर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया आनन फानन में परिजन उसे इलाज के लिए पास के अस्पताल ले गए जा डॉक्टरों ने उसे मृत घोसित कर दिया मौत की जानकारी होने पर परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे । नवाबगंज थाना क्षेत्र के लालगोपालगंज कस्बा स्थित पलयें दुधिया गांव निवासी सहदेव पटेल 52 पुत्र बृजलाल घर के पास आम के बाग की रखवाली करता था। शनिवार को दोपहर करीब तीन बजे वह पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था तभी उसका पैर फिसल गया जिससे वह जमीन पर अचेत होकर गिर गया पेड़ से गिरने से उसे गंभीर चोट आ गई आनन फानन में परिजन उसे पास के अस्पताल ले गए जहाँ उसकी हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया वहां पहुचने पर डॉक्टरों ने घायल युवक को मृत घोषित कर कर दिया मौत की खबर परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया।

## हण्डिया पुलिस टीम द्वारा एक गुमशुदा बरामद, परिजनों को किया गया सुपुर्द




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा शनिवार को संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत वासुपुर तिराहा के पास 01 व्यक्ति लावारिश हालत में मिला जिसने अपना नाम अजय यादव पुत्र रामआसरे यादव निवासी ग्राम कोराली पोस्ट आनापुर थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज बताया । उक्त सूचना उसके परिवार-जनों को दी गयी । परिवार-जनों के उपस्थित थाना आने पर सकुशल सुपुर्द किया गया ।

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम, थाना हण्डिया . व0उ0नि0 गोविन्द राम. प्रशि0म0उ0नि0 नेहा चाहर, थाना हण्डिया कमिश्रनेट प्रयागराज ।

## ब्लाक प्रमुख चाका द्वारा प्रधान संघ अध्यक्ष को अपशब्द कहने पर भड़के प्रधान आंदोलन की दी चेतवानी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर**। फूलपुर ब्लाक में ग्राम प्रधानों ने शनिवार को ब्लाक परिसर में बैठक करके ब्लाक प्रमुख चाका के खिलाफ नाराजगी जताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी प्रधान संघ अध्यक्ष फूलपुर योगेंद्र कुमार भारतीय ने आरोप लगाया की चाका ब्लाक के ब्लाक प्रमुख अनिल कुमार पटेल ने चाका ब्लाक के बलापुर गांव की वर्तमान ग्राम प्रधान नीलम पथिक पत्नी राजेंद्र कुमार पथिक को फोन करके अपने कार्यालय बुलवाया उनके पहुंचने पर क्षेत्र पंचायत सदस्य पंकज सिंह के इशारे पर उक्त ग्राम प्रधान जो प्रधान संघ अध्यक्ष के साथ ही अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संघ महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष भी है उन्हे जबरन अपने पद का दुर्प्रयोग करते हुए अपशब्द कहते हुए अपमानित किए इससे प्रदेश भर के ग्राम प्रधानों में नाराजगी है इसकी शिकायत जिलाधिकारी प्रयागराज से लिखित में किया गया है उन्होंने कहा की ग्राम प्रधान सीधे जनता से चुना हुआ जनप्रतिनिधि होता है उसे अपमानित करने का ब्लाक प्रमुख को कोई अधिकार नहीं होता उन्होंने कहा की यदि चाका ब्लाक प्रमुख अपनी गलती नही मानते है तो प्रदेश भर के ग्राम प्रधान संघ आंदोलन करते हुए मुख्यमंत्री का घेराव करके उनके खिलाफ कार्यवाई करने की मांग करेगा। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष फूलपुर योगेंद्र कुमार भारतीय वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जगदीश कुमार गुप्ता,प्रधान राजेंद्र कुमार भारतीय एडवोकेट,कमलेश कुमार पटेल,धर्मपाल बिंद,मोहम्मद आबिद सहित अन्य ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## मुविवि की बीएड प्रवेश परीक्षा में 71% अभ्यर्थी हुए शामिल



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज**। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र 2024- 25 की बी एड एवं बी एड स्पेशल एजुकेशन की प्रवेश परीक्षा शनिवार को प्रदेश के 10 जिलों के 13 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई।

प्रवेश परीक्षा आयोजन एवं संचालन समिति के समन्वयक प्रोफेसर पी के स्टालिन ने बताया कि बी एड एवं बी एड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा में 71 % अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। बीएड प्रवेश परीक्षा में 4043 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जिनमें से 1182 अनुपस्थित रहे। जबकि बी एड विशिष्ट शिक्षा में देश भर से 2000 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जिनमें 569 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

प्रवेश परीक्षा प्रातः 10:00 से दोपहर 1:00 तक आयोजित की गयी।प्रवेश परीक्षा के सफल संचालन के लिए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के निर्देश पर सभी केंद्रों पर पर्यवेक्षकों एवं कोर कमेटी की तैनाती की गयी थी। जिनकी देखरेख में सभी केंद्रों पर पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराई गई। प्रोफेसर स्टालिन ने बताया कि अभ्यर्थियों की सहूलियत का ध्यान रखते हुए प्रवेश परीक्षा प्रदेश के आगरा, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी एवं प्रयागराज में आयोजित की गयी। प्रयागराज में राजकीय इंटर कॉलेज तथा विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। विश्वविद्यालय में स्थापित हेल्प डेस्क प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों से निरंतर परीक्षा के सकुशल संचालन की जानकारी लेता रहा। समन्वयक प्रोफेसर स्टालिन ने बताया कि प्रवेश परीक्षा परिणाम शीघ्र ही घोषित किया जाएगा।